**180** रहा सोमवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ)। एक दिन पहले रविवार को यह 274 था। समग्र तौर पर एक्यूआइ 'मध्यम' श्रेणी में रहा। लेकिन राजधानी के 14 इलाकों की हवा 'खराब' श्रेणी में रही।

www.jagran.com
राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
मंगलवार 6 फरवरी, 2024

## आज का मौसम

दिन में आसमान साफ रहेगा।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | | |
| 6 फरवरी | 20.0 | 09.0 |
| 7 फरवरी | 20.0 | 08.0 |
| नोएडा | | |
| 6 फरवरी | 20.0 | 08.0 |
| 7 फरवरी | 19.0 | 07.0 |
| गुरुग्राम | | |
| 6 फरवरी | 20.0 | 11.0 |
| 7 फरवरी | 20.0 | 10.0 |

डिग्री सेल्सियस में

## न्यूज गैलरी

### ईडी को लेकर आतिशी आज उठाएंगी 'बड़े मामले' से पर्दा

**नई दिल्ली :** दिल्ली की सियासत में ईडी के समन को लेकर मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ईडी को लेकर एक बड़े मामले से पर्दा उठाने का दावा कर नया मोड़ ला दिया है। मंत्री आतिशी मंगलवार को प्रेस वार्ता करेंगी। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मैं मंगलवार को सुबह 10 बजे ईडी को लेकर एक बड़े मामले में पर्दाफाश करूंगी। (राब्यू)

### सफदरजंग अस्पताल में निजी ईमेल के उपयोग पर रोक

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सफदरजंग अस्पताल में डाक्टरों और कर्मचारियों के लिए निजी ईमेल आइडी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इस बाबत अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इस आदेश का कारण साइबर हमले की आशंका है। नवंबर 2022 में एम्स के सर्वर पर रैनसमवेयर का अटैक हुआ था। इससे लंबे समय तक एम्स में आनलाइन सेवाएं प्रभावित रही थीं। सफदरजंग अस्पताल में भी पहले सर्वर हैक करने की कोशिश हो चुकी है। हैकर अक्सर ईमेल के जरिये लिंक भेजकर सर्वर हैक करने कोशिश करते हैं। (राब्यू)

### जेएनयू के एमबीए के लिए पंजीकरण 28 फरवरी तक

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एबीवीएसएमई) की ओर से संचालित एमबीए कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए छात्र 28 फरवरी तक पंजीकरण कराए जा सकते हैं। उम्मीदवार वेबसाइट https://jnuee.jnu.ac.in/JNUxREG2024MBAjan/Regprocess.aspx पर उपलब्ध कराए गए आनलाइन आवेदन भरकर दाखिल कर सकते हैं। (जासं)

# मानहानि मामले में केजरीवाल को नहीं मिली राहत

## निचली अदालत से जारी समन रद करने से हाई कोर्ट का इन्कार

### कहा, अपमानजनक सामग्री को री-ट्वीट करना मानहानि के समान

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

यूट्यूबर के वीडियो को री-ट्वीट करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक वीडियो को री-ट्वीट करने पर अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध 'आइ सपोर्ट नरेन्द्र मोदी' के संस्थापक विकास सांकृत्यायन द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले को रद करने से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि केजरीवाल को बड़ी संख्या में लोग फालो करते हैं और वह वीडियो को री-ट्वीट करने के परिणामों को समझते हैं। अदालत ने कहा कि जब इंटरनेट मीडिया पर बड़े स्तर पर मौजूदगी रखने वाले एक मुख्यमंत्री सहित राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा री-ट्वीट किया जाता है तो वह सार्वजनिक समर्थन बन जाता है और इस पर बड़े पैमाने पर जनता विश्वास कर सकती है।

अदालत ने कहा कि प्रतिष्ठा पर लगी चोट को सार्वजनिक स्मृति से मिटाना कठिन है, क्योंकि ट्वीट हटाए जा सकते हैं लेकिन लोगों के दिमाग से धारणाएं मिटाना मुश्किल है। अदालत ने यह निष्कर्ष निकला कि केजरीवाल का अपमानजनक सामग्री को री-ट्वीट करना एक प्रकार से सार्वजनिक समर्थन के समान है और वह ऐसी सामग्री पोस्ट करने के नतीजों को समझते हैं। अदालत ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर किसी सामग्री को री-ट्वीट करते समय कुछ जिम्मेदारी की भावना जुड़ी होनी चाहिए।



हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी।

अदालत ने कहा कि मानहानिकारक सामग्री को री-ट्वीट करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत मानहानि का अपराध होगा। अदालत ने यह टिप्पणी मजिस्ट्रेट द्वारा पारित समन आदेश और उसके खिलाफ केजरीवाल की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करने वाले सत्र न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए की। वर्ष 2019 में केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने माना कि ट्विटर (अब एक्स) पर आनलाइन बातचीत और किसी भी पोस्ट को री-ट्वीट करके दूसरों के साथ साझा करना मानहानि के अपराध को परिलक्षित करता है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि अगर केजरीवाल वीडियो को री-ट्वीट करने के अपने कृत्य को उचित ठहराना चाहते हैं तो यह अदालत में परीक्षण के चरण में किया जा सकता है।

#### क्या था मामला

विकास सांकृत्यायन ने फरवरी 2019 में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। विकास ने दावा किया कि भाजपा आइटी सेल पार्ट-टू शीर्षक वाला यूट्यूब वीडियो ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित किया गया था और उसमें भाजपा आइटी सेल को लेकर झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाए गए थे। उनका कहना था कि केजरीवाल ने वर्ष 2018 में संबंधित वीडियो की प्रामाणिकता की जांच किए बिना उसे री-ट्वीट कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अपमानजनक वीडियो को केजरीवाल के ट्वीट ने भारत और विदेश दोनों में उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। सांकृत्यायन की शिकायत पर मजिस्ट्रेट ने री-ट्वीट को प्रथम दृष्टया मानहानिकारक मानते हुए केजरीवाल के विरुद्ध समन जारी किया था।


## 'क्राइम ब्रांच को भेजने वालों ने ही विधायकों को तोड़ने की कोशिश की'

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि क्राइम ब्रांच भेजने वालों ने ही हमारे विधायकों को तोड़ने की कोशिश की है। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच (अपराध शाखा) के नोटिस में किसी भी प्राथमिकी का जिक्र नहीं है। इस तरह की नाटकीयता से देश प्रगति नहीं कर पाएगा।

बता दें कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश वाले आरोप के मामले में दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी के घर पहुंची और रविवार को उन्हें नोटिस दिया। केजरीवाल को यह नोटिस शनिवार को मिला था। केजरीवाल ने कहा कि वे पूछ रहे हैं कि किसने आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की? इसका जवाब है कि वही लोग जो अपराध शाखा के अधिकारियों को भेज रहे हैं, उन्होंने ही हमारे विधायकों को तोड़ने की कोशिश की थी। झारखंड में राजनीतिक स्थिति के बारे में केजरीवाल ने कहा कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी सही नहीं थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को उनके 'राजनीतिक आकाओं' ने 'नाटकबाजी' करने के लिए मजबूर किया, जो उनके लिए काफी 'अपमानजनक' था। मुझे उन अधिकारियों पर दया आती है। युवा अधिकारी बहुत आदर्शवाद के साथ पुलिस में शामिल होते हैं कि वे अपराध कम करेंगे। उन्होंने कभी नहीं सोचा कि उन्हें नाटक करने के लिए मजबूर किया जाएगा। सीएम ने कहा कि क्या इसीलिए वे पुलिस में शामिल हुए?

▸ **केजरीवाल ने कहा, नोटिस में एफआइआर का कोई जिक्र नहीं**



अरविंद केजरीवाल। फाइल

## डीएमआरसी की क्यूरेटिव याचिका पर पांच जजों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की एक कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) को लगभग आठ हजार करोड़ का भुगतान करने के 2017 के मध्यस्थता फैसले को चुनौती देने वाली दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) की क्यूरेटिव याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ 15 फरवरी को सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की एक विशेष पीठ ने कहा कि वर्तमान आदेश पारित करने वाली पीठ के दो जज सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लिहाजा यह वांछनीय है कि क्यूरेटिव याचिका पर पांच जजों की बड़ी पीठ सुनवाई करे। शीर्ष अदालत ने 2021 में डीएमआरसी की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी। इस फैसले के विरुद्ध डीएमआरसी ने अगस्त, 2022 में क्यूरेटिव याचिका दायर की थी। सोमवार को शीर्ष अदालत में डीएमआरसी का प्रतिनिधित्व अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने किया। रिलायंस इन्फ्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुकुल रोहतगी ने याचिका का विरोध किया। साल्वे ने कहा कि वह आश्चर्यचकित हैं क्योंकि क्यूरेटिव याचिका पर विचार का कोई आधार नहीं बनाया गया है। पीठ ने अधिवक्ता तरुण जोशी और महेश अग्रवाल को नोडल काउंसल नियुक्त कर सुचारू सुनवाई के लिए न्यायिक रिकाड्र्स का एक संकलन दायर करने को कहा है।

# दिल्ली सरकार के स्कूलों में पीजीटी के 3330 पद रिक्त

**शिप्रा सुमन, नई दिल्ली**

राजधानी में नए स्कूलों के निर्माण की नींव रखने और शिक्षा में बेहतर करने के दावे तो रोज किए जाते हैं, लेकिन पठन-पाठन को बेहतर बनाने के लिए बुनियादी चीजों में सुधार नहीं हो रहा है। शिक्षकों की संख्या पहले भी कम थी और आज भी स्थिति बेहतर नहीं है। दिल्ली में 1,050 सरकारी स्कूल हैं, जबकि डा. बीआर आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूलों की संख्या 37 है। सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के तहत दिल्ली शिक्षा निदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के स्कूलों में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) शिक्षकों के 3,330 पद रिक्त हैं। वहीं, प्राथमिक शिक्षकों के 1,010 और फिजिकल एजुकेशन टीचर के 486 पद रिक्त हैं।

शिक्षकों की इस कमी को लेकर शिक्षाविदों ने चिंता जताई है। उनके अनुसार यह शिक्षा तंत्र के लिए ठीक नहीं है। नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो रही है। स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की बातें तो होती हैं, लेकिन स्कूलों में फिजिकल एजुकेशन टीचर की कमी भी विचारणीय है।

▸ **दिल्ली में 1,050 सरकारी व 37 डा. बीआर आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल हैं**

स्कूलों में शिक्षकों की कमी की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में विज्ञान और अंग्रेजी के शिक्षकों की कमी देखी गई है। इसका प्रभाव बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है और बच्चे परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। इसके लिए नए शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए, जिसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही है।

–संजय डबास, आरटीआइ कार्यकर्ता, कंझावला

स्कूलों में रिक्त शिक्षकों की संख्या को तत्काल प्रभाव से भरने की आवश्यकता है, ताकि देश के भविष्य बच्चों के सामने संबंधित विषयों को लेकर परेशानी न हो और उन्हें शिक्षा को लेकर नुकसान न उठाना न पड़े। इसके लिए नई वैकेंसी निकाली जानी चाहिए।

– डीके तनेजा, शिक्षाविद्, मुखर्जी नगर

# सुरंग निर्माण में कमियों पर एलएंडटी को 500 करोड़ का नोटिस

**वीके शुक्ला, नई दिल्ली**

▸ **एलजी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने भेजा नोटिस, डिजाइन में मिलीं खामियां**

▸ **सुरंग के उद्घाटन के बाद से छत और जमीन से हो रहा पानी का रिसाव**

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सुरंग सड़क के निर्माण में कमियों को लेकर निर्माणकर्ता कंपनी एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) को 500 करोड़ का नोटिस जारी किया है। इसके डिजाइन में खामियां मिली हैं, जिसके चलते पानी का रिसाव हो रहा है। उपराज्यपाल के निर्देश पर यह नोटिस भेजा गया है। उन्होंने सुरंग सड़क का तीन बार निरीक्षण कर खामियां दूर करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। नोटिस में पीडब्ल्यूडी ने एलएंडटी को खामियां दूर करने के लिए 15 दिन का समय दिया है।

इसके साथ ही उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिया है कि पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता पर कार्रवाई की जाए। सुरंग सड़क का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून, 2022 को किया था। उद्घाटन के कुछ समय के बाद से ही सुरंग की छत, साइड और जमीन से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। सुरंग की दीवारें खराब हो रही हैं। गत 17 जनवरी को उपराज्यपाल ने प्रगति मैदान स्थित सुरंग सड़क का निरीक्षण करने के बाद नाराजगी जाहिर की थी। जारी नोटिस में सरकार की प्रतिष्ठा को नुकसान और आश्वासन के बावजूद निष्क्रियता के लिए 500 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

एलजी ने इससे पहले अगस्त 2023 और सितंबर 2023 में भी सुरंग का निरीक्षण किया था। तब एलएंडटी के वरिष्ठ प्रतिनिधि ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया था।

गौरतलब है कि सुरंग सड़क का निर्माण में 777 करोड़ रुपये की लागत आई है। एलएंडटी ने ईपीसी अनुबंध के रूप में काम किया, जिसमें इसके डिजाइन के साथ उसके निष्पादन की जिम्मेदारी थी। इस डिजाइन में ही खामियां सामने आई हैं।



नई दिल्ली प्रगति मैदान सुरंग सड़क में पानी का रिसाव और उसे ठीक करने में जुटे कर्मी। ध्रुव कुमार

#### निर्माण में मिली ये खामियां

- सुरंग में बाक्स-पुशिंग क्षेत्र के कुछ हिस्से से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है।
- कंक्रीट की सतह के नीचे से भूजल का रिसाव है, पानी निकालने के लिए कई स्थानों पर नाली काटनी पड़ीं।
- सुरंग और अंडरपास में जल जमाव और जल निकासी प्रणालियों में खामियां हैं।
- सुरंग, अंडरपास के साथ ही विभिन्न स्थानों पर कंक्रीट की सतह में बड़ी दरारें आई गई हैं।
- परियोजना में उपयोग किए गए कर्व स्टोन में एकरूपता नहीं है। साथ ही इसे बेतरतीब पेंट किया गया है, जिससे सुंदरीकरण प्रभावित हुआ।
- परियोजना के भीतर विभिन्न स्थानों पर सुरंग, अंडरपास में नालियों को ढके जाने का सिस्टम गायब है।
- रखरखाव समझौते में सहमति के विपरीत सुरंग, अंडरपास का दिन-प्रतिदिन खराब रखरखाव।

# आबकारी घोटाला की जांच पर कोर्ट ने मांगी स्थिति रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

▸ **सीबीआइ ने कहा, मामले में जांच जारी और महत्वपूर्ण चरण में है**

▸ **16 आरोपितों के संबंध में पूरी हो चुकी है जांच**

▸ **राउज एवेन्यू कोर्ट ने 22 फरवरी तक स्थगित की सुनवाई**

आबकारी घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआइ को आगे की जांच पर एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह निर्देश बचाव पक्ष के अधिवक्ता के जांच की स्थिति के बारे में पूर्ण रहस्योद्घाटन न करने पर आपत्ति जताने के बाद पारित किया। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने सीबीआइ को सुनवाई की अगली तारीख तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 22 फरवरी तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी।

सुनवाई के दौरान एक रिपोर्ट दायर कर सीबीआइ ने कहा कि मामले में जांच जारी है और महत्वपूर्ण चरण में है। जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि 16 आरोपितों के संबंध में जांच पूरी हो चुकी है। मामले में केवल कुछ अन्य आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ आगे की जांच जारी है। सीबीआइ ने कहा कि मामले को आरोपों पर बहस के लिए तय किया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने सीबीआइ के इस तर्क का विरोध करते हुए कहा कि स्थिति रिपोर्ट अधूरी है। यह भी कहा कि जांच पूरी हुए बिना आरोप पर बहस का कोई मतलब नहीं है। अदालत ने सीबीआइ को मामले से संबंधित फाइलों तक पहुंचने के लिए बचाव पक्ष के वकीलों के लैपटाप में साफ्टवेयर इंस्टाल करने का भी निर्देश दिया है।

इससे पहले 19 जनवरी को अदालत ने सीबीआइ से जांच पर ताजा रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इस मामले में आरोपित पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। सिसोदिया को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीबीआइ ने 26 फरवरी और मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने नौ मार्च 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सिसोदिया की गतिविधियों के कारण लगभग 622 करोड़ रुपये की अपराध आय उत्पन्न हुई है।

**सिसोदिया को मिली सप्ताह में एक बार पत्नी से मिलने की अनुमति :** आबकारी घोटाला मामले में आरोपित पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने सप्ताह में एक बार पत्नी से मिलने के लिए कस्टडी पैरोल की अनुमति दी है। अदालत ने कहा कि मुलाकात के दौरान डाक्टर भी मौजूद रहेंगे और यह व्यवस्था अगली सुनवाई तक जारी रहेगी। अदालत ने इसके साथ ही सीबीआइ मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक बढ़ा दी। अदालत 12 फरवरी को सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी।

#### आप नेता संजय सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली



**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाले आप नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई सोमवार को पांच मार्च तक के लिए टाल दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा यह सूचना दिए जाने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी कि संजय सिंह की नियमित जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 31 जनवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था। पिछले साल 20 नवंबर को शीर्ष अदालत ने मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली संजय सिंह की याचिका पर केंद्र और ईडी से जवाब मांगा था।

**सिसोदिया को जल्द सुनवाई का आश्वासन:** आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी दो सुधारात्मक याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई की मांग की। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के मामलों में उन्हें जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था। कोर्ट ने याचिका पर जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है।

# शादी टूटने से बच्चे के माता-पिता की स्थिति खत्म नहीं होती : हाई कोर्ट

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

▸ **2016 के बाद स्कूल रिकार्ड से बच्चे के पिता का नाम हटा दिया गया था**

▸ **बच्चे की मां ने दूसरे पति का नाम पिता की जगह कराया था दर्ज**

दिल्ली हाई कोर्ट ने नाबालिग बेटे के स्कूल रिकार्ड में नाम दर्ज कराने की एक व्यक्ति की याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि शादी टूटने से बच्चे के माता और पिता की स्थिति खत्म नहीं हो जाती। हाई कोर्ट ने कहा, जब व्यक्ति जीवित है तो उसकी पूर्व पत्नी द्वारा अपने बेटे के स्कूल प्रवेश फार्म से पिता का नाम हटाकर उसकी जगह अपने दूसरे पति का नाम डालने का कोई औचित्य नहीं था। न्यायालय ने कहा, महिला और याचिकाकर्ता के बीच संबंध कितने भी कटु क्यों न हों, न तो उनके बीच संबंधों की प्रकृति, न ही उनके बीच हुआ तलाक, याचिकाकर्ता को बच्चे के पिता के रूप में उसके दर्जे से वंचित कर सकता है।

न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने कहा, महिला को नाबालिग की मां के रूप में स्कूल के रिकार्ड में अपना नाम दर्शाने का पूरा अधिकार है, लेकिन वह उसे बच्चे के पिता के रूप में दस्तावेज में अपना नाम दर्ज कराने के पुरुष के अधिकार से इन्कार करने के लिए अधिकृत नहीं कर सकती है। इन परिस्थितियों में, यह अदालत याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए (स्कूल के) रिकार्ड में (बच्चे के) पिता के रूप में उसका नाम दर्शाने की अनुमति देती है। साथ ही स्कूल को महिला को उसकी मां के रूप में नाम दर्शाने का निर्देश देती है। स्कूल को दो सप्ताह में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

कोर्ट ने यह निर्णय उस व्यक्ति की याचिका पर सुनाया, जिसने स्कूल को अपना रिकार्ड सही करने और बच्चे के पिता के रूप में उसका नाम दर्शाने का निर्देश देने की मांग की थी। बच्चे का जन्म मार्च 2006 में हुआ था और उसे पहली बार 2012 में एक स्कूल में भर्ती कराया गया था। जिन दो स्कूलों में उसने मार्च 2016 तक पढ़ाई की, वहां दस्तावेज में बच्चे के पिता के रूप में उस व्यक्ति का नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता की शिकायत थी कि उनका नाम उस स्कूल के रिकार्ड में नहीं दिख रहा था, जहां उनका बेटा 2016 से पढ़ रहा है और इसके बजाय महिला के दूसरे पति का नाम बच्चे के अभिभावक के रूप में दिखाई दे रहा था।

अदालत ने कहा कि अलग हो चुके जोड़े के बीच कुछ वैवाहिक विवाद उत्पन्न हुए, जिसके परिणामस्वरूप जून 2015 में एक पारिवार अदालत द्वारा दी गई तलाक की डिक्री से उनकी शादी को रद कर दिया गया। अपने जवाबी हलफनामे में महिला ने इस बात पर विवाद नहीं किया कि याचिकाकर्ता बच्चे का पिता है, लेकिन उसने कहा कि उस आदमी के साथ उसके संबंध इतने कटु थे कि वह याचिकाकर्ता के नाम को नाबालिग बेटे के साथ जोड़कर विरासत में नहीं लेना चाहती।

## आयोजन

**थीम मंडप में देखने को मिलेगा जम्मू-कश्मीर के इतिहास से लेकर वर्तमान तक का सफर, भारत मंडपम में 10 से 18 फरवरी के बीच आयोजित होगा 51वां विश्व पुस्तक मेला, मेले में स्कूली विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा निश्शुल्क प्रवेश**

# विश्व पुस्तक मेले में साहित्य प्रेमी कर सकेंगे कश्मीर की भी यात्रा!

**संजीव गुप्ता, नई दिल्ली**

'बहुभाषी भारत : एक जीवंत परंपरा' थीम पर आधारित 51वां विश्व पुस्तक मेला एक नहीं, कई मायनों में खास होगा। मेले को हर आयु वर्ग में लोकप्रिय बनाने के लिए कुछ नए प्रयोग भी देखने को मिलेंगे। मेले का उदघाटन भी इस बार खास बनाने की तैयारी है। इसका अयोजन भी भारत मंडपम में होगा।

मेले की एक बड़ी खासियत थीम मंडप में 'कश्मीर की यात्रा' रहेगी। इंडियन काउंसिल फार हिस्टोरिकल रिसर्च (आइसीएचआर) के साथ मिलकर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) एक प्रदर्शनी लगाएगा, जहां कश्मीर की कला संस्कृति, रहन-सहन, धर्म-कर्म एवं साहित्य से रूबरू हुआ जा सकेगा। मेले की दूसरी खासियत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की वह झांकी होगी, जो पहले कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनी और फिर लाल किले में भारत पर्व में शामिल की गई। कुछ बदलावों के साथ वह झांकी अब पुस्तक मेले में भी प्रदर्शित की जाएगी।

'सभी के लिए किताबें' परिकल्पना पर भी मेले में एक जोन बनाया जा रहा है। यहां पर दिव्यांग बच्चों को मुफ्त किताबें मिलेंगी, बशर्ते उनका पंजीकरण हो रखा हो। मेले में एक इलस्ट्रेशन वाल रहेगी जहां पर देश-विदेश के कलाकार अपनी तूलिका से कलाकृतियां बनाएंगे। बी टू बी जोन देशी-विदेशी प्रकाशकों के लिए एक अलग प्लेटफार्म होगा, जहां वे कारोबार से जुड़ी बैठकें कर सकेंगे। मेला आयोजक एनबीटी अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष मेले में देश-विदेश के एक हजार से ज्यादा प्रकाशक शिरकत कर रहे हैं। स्टालों की संख्या दो हजार से अधिक होगी। मेले में स्कूली विद्यार्थियों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए निश्शुल्क प्रवेश होगा। टिकट दर 10 रुपये बालक और 20 रुपये वयस्क रहेगी।



विश्व पुस्तक मेले की फाइल फोटो

विश्व पुस्तक मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार कुछ अच्छे एवं बड़े विदेशी प्रतिनिधिमंडल आने के भी आसार हैं। पहली बार मेले में सभी के लिए विभिन्न भाषाओं में पुस्तकें मुहैया कराने का प्रयास भी किया जा रहा है।

– युवराज मलिक, निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

# यमुना पर एक वर्ष में तैयार होगा रेलवे का नया पुल

**संतोष कुमार सिंह, नई दिल्ली**

नई दिल्ली से आनंद विहार के रास्ते गाजियाबाद की ओर ट्रेन परिचालन को सुगम बनाने के लिए यमुना पर प्रगति पावर स्टेशन के नजदीक स्थित रेलवे पुल के समानांतर एक और रेलवे पुल बनाने की योजना है। पुल की लंबाई लगभग 600 मीटर होगी और इसका काम आवंटित किया जा चुका है। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इसके बनने से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से समय पर ट्रेनों की आवाजाही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद जाने के लिए प्रगति पावर स्टेशन के नजदीक स्थित पुल पर दो रेलवे लाइन हैं। इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने से रेलवे लाइन बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसका काम चल रहा है। इस कारण नए पुल की भी जरूरत है। नई लाइन के अभाव में ट्रेनों को समय पर चलाने में परेशानी होती है। अक्सर ट्रेनें आउटर पर खड़ी रहती हैं। अधिकारियों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए जल्द पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अगले एक वर्ष में इसे तैयार करने का लक्ष्य है। प्रस्तावित पुल के निर्माण पर लगभग 218 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बनने से पूर्व दिशा के यात्रियों को लाभ होगा।

इस समय दिल्ली में यमुना पर पुराना लोहा पुल व प्रगति पावर स्टेशन के नजदीक वाले पुल से ट्रेनों की आवाजाही होती है। पुरानी दिल्ली से शाहदरा के बीच पुराना लोहा पुल है। डेढ़ सौ वर्ष से अधिक पुराने इस पुल के समानांतर एक नया पुल बनाया जा रहा है।

*********

**8** मार्च से छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन' के एक हजार रुपये महिलाओं के खाते में स्थानांतरित होने लगेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसकी पहली किस्त जारी करेंगे।



# दरगाह नहीं, महाभारतकालीन लाक्षागृह है बरनावा का टीला

**53** साल आठ महीने बाद आया है अदालत का फैसला, प्रतिवादी पक्ष में खुशी

▸ बागपत के बरनावा में लाक्षागृह पर दरगाह होने का दावा खारिज, कोर्ट ने एएसआइ रिपोर्ट और राजस्व रिकार्ड को माना आधार



बरनावा लाक्षागृह पर लगा बोर्ड। जागरण


बरनावा के लाक्षागृह स्थित प्राचीन गुंबद। जागरण

**जागरण संवाददाता, बागपत**

उप्र में बागपत के बरनावा में महाभारतकालीन लाक्षागृह पर कब्रिस्तान और दरगाह होने के दावे को अदालत ने खारिज कर दिया है। एएसआइ की रिपोर्ट और राजस्व रिकार्ड को आधार मानते हुए सोमवार को सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शिवम द्विवेदी ने फैसला सुनाया और प्राचीन टीले को महाभारतकालीन लाक्षागृह (लाखामंडप) ही माना है। शिवमंदिर और लाखामंडप के साक्ष्यों को फैसले का आधार माना है। अदालत का फैसला 53 साल आठ महीने बाद आया है। फैसले के बाद लाक्षागृह की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। फैसले से प्रतिवादी पक्ष में खुशी की लहर है। वादी पक्ष के अधिवक्ता शाहिद खां का कहना है कि अब ऊपर की अदालत में अपील करेंगे।

**1997 में बागपत स्थानांतरित हुआ मुकदमा :** बरनावा निवासी मुकीम खां ने 31 मार्च, 1970 में मेरठ की अदालत में वाद दायर किया था, जिसमें उन्होंने ब्रह्मचारी कृष्णदत्त को प्रतिवादी बनाया था। दावा किया था कि बरनावा में प्राचीन टीले पर शेख बदरुद्दीन की दरगाह और बड़ा कब्रिस्तान है, जो सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड यूपी में बतौर वक्फ दर्ज व रजिस्टर है। कृष्णदत्त बाहर के रहने वाले हैं जो कब्रिस्तान को खत्म कर इसे हिंदुओं का तीर्थ बनाना चाहते हैं। 1997 में यह वाद बागपत की अदालत में स्थानांतरित हो गया था।

**शिव मंदिर व लाखामंडप के अवशेष आज भी मौजूद :** प्रतिवादी कृष्णदत्त की ओर से दावा किया गया कि जिस स्थान पर वादी पक्ष दरगाह बता रहा है, वहां शिव मंदिर था और जहां पर कब्रिस्तान का दावा कर रहा है, वह लाखामंडप था। शिव मंदिर व लाखामंडप के अवशेष वर्तमान में भी मौजूद हैं। टीले की कुछ भूमि का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अधिग्रहण कर रखा है, शेष भूमि श्री गांधी धाम समिति की है, जिस पर श्री महानंद संस्कृत विद्यालय लाक्षागृह, बरनावा और गोशाला का संचालन किया जा रहा है। राजस्व रिकार्ड में भी उक्त भूमि पर शिवमंदिर और लाखामंडप के होने के प्रमाण मौजूद हैं। प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता रणवीर सिंह तोमर ने बताया कि लगभग नौ हेक्टेअर भूमि पर चल रहे वाद में अदालत का फैसला आया है। गांधी धाम समिति के मंत्री राजपाल त्यागी ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत बताया है।

**महाभारत काल के मृदभांड भी मिल चुके हैं प्राचीन टीले पर :** प्राचीन ऊंचे टीले के कुछ हिस्से की एएसआइ खोदाई भी कर चुका है। इनमें कई पुरातात्विक चीजें मिल चुकी हैं, जिसके बाद संबंधित स्थल को संरक्षित स्मारक घोषित कर एएसआइ ने अपना बोर्ड लगा दिया था। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. केके शर्मा ने बताया कि प्राचीन टीला पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वर्ष 2018 में एएसआइ ने यहां उत्खनन किया था, जिसमें चित्रित धूसर मृदभांड प्राप्त हुए थे, जिन्हें महाभारतकालीन मृदभांड माना जाता है। इसके अलावा यहां महाभारतकाल के बाद की कुषाणकालीन, गुप्तकालीन, राजपूतकालीन आदि संस्कृतियों के अवशेष भी मिल चुके हैं।

**प्राचीन टीले पर ही रचा गया था षड्यंत्र :** राजपाल त्यागी ने बताया, प्राचीन टीला महाभारतकालीन लाक्षागृह है, जहां पर षड्यंत्र के तहत कौरवों ने पांडवों को जिंदा जलाने का प्रयास किया था, लेकिन वे समय रहते लाख से बने घर से सुरंग से होते हुए निकल गए थे। सुरंग के अवशेष आज भी मौजूद हैं।

### यौगिक मुद्रा में प्रवचन देते थे कृष्णदत्त

ब्रह्मचारी कृष्णदत्त 1960 के आसपास बरनावा गांव में आए थे। वह लेटकर यौगिक मुद्रा में प्रवचन दिया करते थे। उस समय उनके पास लाउडस्पीकर रख दिया जाता था और उनके अनुयायी आसपास बैठकर प्रवचन सुनते थे। कई प्रदेशों से लोग उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। 15 अक्टूबर 1992 में उनका निधन हुआ था। उनके रिकार्ड हुए प्रवचनों की वर्तमान में सैकड़ों किताबें प्रकाशित हैं।

## न्यूज गैलरी

### सीजेआइ चंद्रचूड़ ने विदेशी प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत

**नई दिल्ली:** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का दौरा करने पहुंचे आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के न्यायाधीशों समेत विदेशी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। तीन फरवरी को आयोजित राष्ट्रमंडल अटार्नी और सालिसिटर जनरल सम्मेलन के लिए विभिन्न देशों के न्यायाधीश, सालिसिटर और अटार्नी जनरल भारत आए हैं। कई गणमान्य सोमवार को न्यायिक कार्यवाही देखने के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे थे। (प्रेट्र)

### अमित शाह 10 फरवरी को करेंगे कर्नाटक का दौरा

**बेंगलुरु :** गृह मंत्री अमित शाह 10 फरवरी को कर्नाटक का दौरा करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के राज्य नेतृत्व से बातचीत करेंगे। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने बताया कि शाह टिकट के दावेदारों और उम्मीदवारों से भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा व जद (एस) में सीट बंटवारे को लेकर भी भ्रम नहीं है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवारों पर अंतिम मुहर लगाएगा। (आइएएनएस)

### जाजू ने सूचना-प्रौद्योगिकी सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली:** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को केंद्रीय सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव का पदभार संभाल लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किए गए अपूर्व चंद्रा का स्थान लिया। 1992 बैच के तेलंगाना कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवाएं दे रहे थे। वह पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव व राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम में निदेशक के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। (प्रेट्र)

### कर्नाटक के सोमेश्वर मंदिर में शिवलिंग का अपमान

**बेंगलुरु :** उत्तर कन्नड जिले के नरबैल गांव के प्रसिद्ध सोमेश्वर मंदिर में रविवार शरारती तत्वों ने शिवलिंग को अपवित्र करने की घटना सामने आई। पुलिस ने बताया कि शरारती तत्वों ने छोटा ताला तोड़कर जबरन दरवाजे को धक्का देकर प्रवेश किया और शिवलिंग पर चाक से 'जेईएस 2024, 2026' लिखा। पुलिस ने बताया कि लिखावट संदिग्ध है और विशेषज्ञ जांच में सहायता कर रहे हैं। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पहाड़ों पर हिमपात जारी, मैदान में हवा बढ़ाएगी ठिठुरन

**मौसम** ▸ बुधवार से तेज हवाएं पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की ठंडक दिल्ली लेकर आएंगी, उत्तराखंड में यलो अलर्ट

### पहाड़ी राज्यों में रुक रुक कर जारी है हिमपात और वर्षा का दौर

**जागरण टीम, नई दिल्ली**


जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सोमवार को टंगमर्ग में हिमपात के कारण सड़क पर फिसलन के बीच वाहन रेंगते दिखे। एएनआइ

उत्तर भारत में भीषण ठंड का दौर तो बीत गया। मगर सुबह और शाम में अब भी ठिठुरन बनी हुई है। वहीं, दिल्ली में अब और वर्षा के आसार नहीं हैं। हालांकि पहाड़ी राज्यों में हुई बर्फबारी के चलते वहां से आने वाली सर्द हवा एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा सकती है। सोमवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार से तेज हवा चलेंगी, जोकि अपने साथ पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की ठंडक भी दिल्ली तक लेकर आएंगी। दिल्ली में सोमवार को धूप तो खिली, लेकिन बादलों की आवाजाही भी लगी रही, इसीलिए तापमान में भी बहुत ज्यादा वृद्धि नहीं हुई। दिल्ली का अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**चार दिन की वर्षा ने तोड़ा 10 साल का रिकार्ड :** दिल्ली में फरवरी के शुरुआती चार दिनों में हुई वर्षा ने 10 वर्ष का रिकार्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के मुताबिक इस महीने अब तक 29.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले 10 साल में फरवरी में दर्ज की गई वर्षा से ज्यादा है। आंकड़ों से पता चलता है कि 10 साल पहले 2014 की फरवरी में 48.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। इसके बाद अब तक फरवरी में कम वर्षा ही रही। मालूम हो कि फरवरी की औसत वर्षा 21.3 मिमी है।

**उत्तराखंड में जोरदार बर्फबारी, चारधाम मार्ग बाधित :** उत्तराखंड में बर्फबारी का क्रम जारी है। उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर में बर्फबारी से चोटियां चांदी की तरह चकम रही हैं। पिथौरागढ़ के कालामुनि व बिटलीधार में दो फीट बर्फ पड़ी। नैनीताल में सुबह हिमकण गिरने के बाद हल्की वर्षा हुई। मसूरी में भी रुकरुक कर वर्षा हुई। बर्फबारी के कारण उत्तरकाशी में गंगोत्री व यमुनोत्री और चमोली में बदरीनाथ राजमार्ग बाधित हैं। राज्य के 100 से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा हुआ है। चकराता में बर्फबारी में फंसे पर्यटकों के 25 वाहनों को एसडीआरएफ की मदद से निकाला गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चार दिन तक उच्च हिमालय में हल्की बर्फबारी जारी रहने के आसार हैं। निचले पहाड़ी क्षेत्रों में मंगलवार को पाले का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी :** जम्मू-कश्मीर में पिछले हफ्ते के हिमपात के बाद सोमवार को मौसम साफ रहा। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में पूरे दिन धूप रही। इस बीच, प्रदेश आठ जिलों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई। मौसम विभाग ने लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि बांडीपोरा, बारामुला, कुपवाड़ा तथा जम्मू संभाग के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन और गांदरबल जिले हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। इन क्षेत्रों में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### हिमाचल में फरवरी में सामान्य से 72 प्रतिशत से अधिक वर्षा

हिमाचल प्रदेश में फरवरी में सामान्य से 72 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा कुल्लू में 105.7 मिलीमीटर हुई। बता दें कि दिसंबर और जनवरी में सामान्य से बहुत कम वर्षा हुई थी। फरवरी की वर्षा ने पिछले दो महीनों में हुई कम वर्षा की भरपाई भी कर दी है। जनवरी में सामान्य से 98 प्रतिशत कम वर्षा हुई। इससे सूखे जैसी स्थिति हो गई थी। फरवरी की वर्षा ने कृषि व बागवानी के लिए संजीवनी का काम किया है। सोमवार को हिमाचल में सुबह से बादलों के बीच धूप निकली रही। शाम के समय कुछ स्थानों पर वर्षा हुई।

### तेजस्वी यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा आदेश

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** गुजरातियों पर कथित टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि की शिकायत को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की राजद नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी मामले को दिल्ली स्थानांतरित कराने के इच्छुक हैं।

जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी द्वारा दाखिल माफी के नए बयान को रिकार्ड पर लिया और कहा, 'हम आदेश पारित करेंगे।' शीर्ष अदालत ने 29 जनवरी को तेजस्वी यादव को अपनी कथित टिप्पणी 'वर्तमान स्थिति में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनके फ्राड को माफ कर दिया जाएगा' को वापस लेते हुए उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। तेजस्वी ने 19 जनवरी को अपनी कथित टिप्पणी वापस लेते हुए शीर्ष अदालत में एक हलफनामा भी दाखिल किया था। शीर्ष अदालत ने राजद नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व में आपराधिक मानहानि की शिकायत में कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और गुजरात निवासी शिकायतकर्ता हरेश मेहता को नोटिस जारी किया था।

### धौनी पर फिक्सिंग का आरोप लगाने वाले पूर्व आइपीएस को 'सुप्रीम' राहत

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मद्रास हाई कोर्ट द्वारा सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी जी. संपत कुमार को दी गई 15 दिन की कैद की सजा पर अंतरिम रोक लगा दी। गत 15 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी की अवमानना याचिका पर कुमार को सजा सुनाई थी। जस्टिस एएस ओका व जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने अगली सुनवाई आठ मार्च को तय की है।

धौनी ने अवमानना याचिका में 100 करोड़ के मानहानि मुकदमे के जवाब में दायर लिखित बयान में न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने पर कुमार को दंडित करने की मांग की थी। आइपीएल सट्टेबाजी घोटाले में उनका नाम घसीटने पर 2014 में धौनी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा था कि कुमार ने निचली अदालत व सुप्रीम कोर्ट को बदनाम करने व उसके अधिकार को कम करने की कोशिश की।

# तीसरी संतान भी बेटी हुई तो माता-पिता ने फर्श पर पटककर मार डाला

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता**

▸ बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले का मामला, बच्ची के दादा की शिकायत पर दोनों को किया गया गिरफ्तार

बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के भातशाला इलाके में तीन महीने की बच्ची को माता-पिता ने फर्श पर पटककर मार डाला। बच्ची के दादा दबीर शेख की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि तीसरी संतान भी बेटी होने पर आरोपितों ने यह कदम उठाया। दबीर ने शिकायत में कहा कि तीसरी बार भी बेटी के जन्म लेने पर बेटे रिंटू शेख व बहू बेलूआरा बीबी ने उसे फर्श पर पटककर मार डाला। रिंटू केरल में मजदूरी करता है। वह एक सप्ताह पहले ही घर लौटा था। फिर पुत्री को जन्म देने के लिए पत्नी को कोस रहा था। गत रविवार को उनकी पोती का खून से लथपथ शव घर से बरामद हुआ है। संदेह के आधार पर उन्होंने बेटे-बहू के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

**स्वीकारा अपराध :** पुलिस सूत्रों से पता चला है कि कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बेलूआरा ने पुलिस को बताया कि उनकी पहले से दो बेटियां हैं। उनके पति इस बार बेटा चाहते थे, लेकिन इस बार भी बेटी का जन्म हुआ। बेटी के जन्म के समय पति केरल में थे। एक सप्ताह पहले लौटने पर वह उसकी हत्या करने की बात कर रहे थे। दबाव में उसने इस जघन्य कृत्य में अपने पति का साथ दिया। फर्श पर पटककर उन्होंने अपनी बेटी की हत्या कर दी। इस नृशंस वारदात से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं।

बता दें, समाज में भ्रांतियां हैं कि कन्या को जन्म देने के लिए माता जिम्मेदार होती है, जबकि जन्म लेने वाले भ्रूण-शिशु के लिंग निर्धारण में पिता की वास्तविक, वैज्ञानिक व निर्णायक भूमिका होती है। भ्रूण-शिशु का लिंग नर युग्मक (एक्स या वाई) के प्रकार से निर्धारित होता है, जो मादा के एक्स गुणसूत्र के साथ जुड़ जाता है। यदि निषेचित करने वाला शुक्राणु एक्स है तो संतान लड़की होगी और यदि वाई है तो लड़का होगा, इसलिए लिंग के लिए माता को दोषी ठहराना गलत है।

### पूनम पांडे की मौत की अफवाह फैलाने वाली एजेंसी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** माडल व अभिनेत्री पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने वाली एजेंसी श्बांग ने माफी मांगी है। इंस्टाग्राम पर साझा किए बयान में एजेंसी ने कहा कि पूनम पांडे की मौत की अफवाह उड़ाने का मकसद सर्विकल कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। शुक्रवार को पूनम की सर्विकल कैंसर से मौत होने की फर्जी खबर फैलाई गई थी। लेकिन अगले ही दिन पूनम ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि उनकी मौत नहीं हुई है, बल्कि कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया।

मौत की फर्जी खबर पर इंटरनेट मीडिया पर किरकिरी होने के बाद पूनम ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ाओ, मुझसे नफरत करो, लेकिन कम से कम जिसे आप प्यार करते हैं उन्हें बचाएं। इस बीच एएनआइ के अनुसार मुंबई के एक इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने मुंबई पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई है और मौत की झूठी अफवाह फैलाने के आरोप में पूनम की गिरफ्तारी की मांग की है।

# भड़काऊ भाषण देने वाले मुफ्ती अजहरी को मुंबई से गिरफ्तार कर गुजरात ले आई एटीएस

**राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद**

▸ धर्म प्रचार के नाम पर दिया था भड़काऊ भाषण, दो आरोपित पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

▸ जूनागढ़ पुलिस उससे करेगी पूछताछ, घाटकोपर थाने पर जमा हुई भीड़ के खिलाफ भी मामला दर्ज


भड़काऊ भाषण देने के प्रकरण में मुंबई से गिरफ्तार मुफ्ती सलमान अजहरी को अहमदाबाद में एटीएस मुख्यालय लाया गया। एएनआइ

गुजरात के जूनागढ़ में जन-जागरूकता और धर्म प्रचार के नाम पर भड़काऊ भाषण देने वाले मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार कर सोमवार को गुजरात लाया गया। यह गिरफ्तारी एटीएस ने की। एटीएस ने पूछताछ के लिए उसे जूनागढ़ पुलिस को सौंप दिया है। रविवार को गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर थाने पर बड़ी संख्या में उसके समर्थक एकत्र हो गए थे। वे पुलिस के खिलाफ नारे लगा रहे थे। पुलिस ने थाने पर जमा हुई भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


पुलिस के अनुसार, मामला आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। जिसमें धारा- 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 332 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) शामिल है। पुलिस ने इस मामले के अन्य आरोपितों मोहम्मद युसुफ और अजीम हबीब के खिलाफ वैमनस्य फैलाने का मामला दर्ज कर पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई राज्य ब्यूरो के अनुसार, गुजरात पुलिस ने रविवार शाम को अजहरी की रिमांड मांगी थी। मुंबई की एक अदालत ने रविवार शाम को उसकी ट्रांजिट रिमांड दे दी, जिससे पुलिस को उसे जूनागढ़ ले जाने की अनुमति मिल गई। लेकिन, मौलाना अजहरी के वकील की तरफ से उसकी ट्रांजिट रिमांड का विरोध किया गया था। उसके वकील आरिफ सिद्दीकी का कहना था कि कानून के अनुसार हमें जो नोटिस दिया जाना चाहिए वह नहीं दिया गया। मुंबई में अजहरी की गिरफ्तारी के बाद आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान भी उससे मिलने पहुंच गए थे। उनका भी कहना था कि कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

**जागरण विशेष**

# आइआइटी में बना साफ्टवेयर बता रहा उत्पाद असली या नकली

## आइआइटी कानपुर के नेशनल सेंटर फार फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रानिक्स में विज्ञानियों ने किया तैयार

**अखिलेश तिवारी ● कानपुर**


इंडियन आयल के उत्पाद को चेको से स्कैन कर गुणवत्ता जांचती युवती ● जागरण

स्वर्ण आभूषण में जिस तरह हालमार्क का निशान शुद्धता की गारंटी है, अब उसी तरह आइआइटी कानपुर में तैयार चेको साफ्टवेयर भी विभिन्न कंपनियों की उत्पादों की गारंटी ले रहा है। कंपनियों ने जो उत्पाद तैयार किया है, वही आपके हाथ में है या बीच में किसी ने नकली उत्पाद तैयार कर बाजार में पहुंचा दिया है, इसकी जांच सेकंडों में यह साफ्टवेयर कर रहा है। इसके लिए इंडियन आयल समेत देश की कई कंपनियों ने चेको के साथ करार किया है। चेको का प्रयोग मध्य प्रदेश कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन अपने सांची ब्रांड घी की शुद्धता के लिए भी कर रहा है। इसके अलावा और भी कई बड़ी कंपनियां अपने-अपने उत्पादों की जांच के लिए चेको साफ्टवेयर का प्रयोग कर रही हैं।

आइआइटी कानपुर के नेशनल सेंटर फार फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रानिक्स में ऐसा अनोखा 'थ्री-डी सिक्योर आफलाइन टैग' का विकास किया गया है जिसमें किसी भी कंपनी के अलग-अलग उत्पादों के लिए अलग-अलग कोड निर्धारित किए जाते हैं। इस टैग को किसी भी स्मार्टफोन की मदद से स्कैन कर उत्पाद की गुणवत्ता की संपूर्ण जानकारी पाई जा सकती है। इसमें उत्पादन का समय, बैच नंबर से लेकर अन्य जानकारियां भी देखी जा सकेंगी। https://checko.ai का प्रयोग करने से जहां ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त पदार्थ मिलने की गारंटी है, निर्माता कंपनियों को भी नक्कालों से छुटकारा मिल रहा है। अभी देश की बड़ी कंपनियों को अपने बाजार को बचाए रखने के लिए नकली उत्पादों व उत्पादकों की पहचान व उनकी धर-पकड़ पर अतिरिक्त ऊर्जा व संसाधन लगाने पड़ रहे हैं।

**नकली दवाओं पर लगेगी रोक:** इस साफ्टवेयर के प्रयोग से देश में नकली दवाओं पर कठोर अंकुश लगाया जा सकता है। अभी नकली दवाओं के बारे में जब तक प्रयोगशाला रिपोर्ट न मिले तब तक पता लगाना मुश्किल है। जब इस साफ्टवेयर का प्रयोग किया जाएगा तो दवा निर्माता कंपनी के अलावा अगर कहीं दवा तैयार की जाएगी तो चेको.आइ के टैग से पता चल जाएगा कि वास्तव में उसे दवा निर्माता कंपनी ने तैयार किया है या जालसाजों ने बनाया है।

**ग्राहकों का फीडबैक भी मिलेगा:** इस टैग की मदद से कंपनियों को यह भी पता चलेगा कि उनका उत्पाद कब और किस क्षेत्र में बेचा गया है। ग्राहकों का फीडबैक भी कंपनियों को प्राप्त हो सकेगा। यही इतना नहीं कंपनी को यह भी मालूम होगा कि उसका कितना तैयार माल बाजार में कहां-कहां मौजूद है। माल की खपत दर क्या है और उसे अपना उत्पादन किस तरह करना चाहिए।

### 2012-13 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट


प्रो. दीपक, प्रमुख, चेको

चेको प्रोजेक्ट के प्रमुख और आइआइटी कानपुर के मैटीरियल साइंस विभाग के प्रो. दीपक ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर काम 2012-13 में शुरू किया गया था। इसमें शिक्षक व छात्र दोनों ही शामिल रहे जिसमें प्रो. मोनिका कटियार, सतीश चंद्र, प्रणव अस्थाना, उत्कर्ष और प्रियंका प्रमुख हैं। टीम ने कई साल के प्रयोग के बाद सुरक्षित एक ऐसा क्यूआर कोड आधारित टैग सिस्टम तैयार किया है। इसके थ्रीडी होने की वजह से नकल करना संभव नहीं है और कोड में दर्ज सूचनाओं की नकल नहीं की जा सकती है।

### ऐसे काम करता है चेको

चेको साफ्टवेयर के तहत किसी भी उत्पाद के लिए थ्रीडी छवि के साथ 2डी कोड जारी किया जाता है। इस प्रक्रिया में पेटेंट तकनीक का प्रयोग किया जाता है जिससे इसकी नकल करना संभव नहीं है। स्मार्टफोन पर चेको स्कैनर डाउनलोड कर क्यूआर कोड वाले इस चेको लेवल को स्कैन करने पर उत्पादन संबंधी सभी जानकारी फोन की स्क्रीन पर सामने दिखने लगती है।

विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

# मध्य प्रदेश में तंत्र क्रिया के नाम पर दी नरबलि, सिर धड़ से कर दिया अलग

**नईदुनिया, सिंगरौली :** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में अंधविश्वास में तांत्रिक ने एक व्यक्ति की जान ले ली। उसने तांत्रिक क्रिया के लिए एक व्यक्ति की गर्दन काटकर बलि चढ़ा दी। सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने आरोपित तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। वह उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले का निवासी है।

▸ मप्र के सिंगरौली जिले का मामला, आरोपित तांत्रिक गिरफ्तार

▸ उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से तांत्रिक को बुलाया गया था

पुलिस के अनुसार, सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के सूदा गांव निवासी रामचंद्र पनिका (50) की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उसके स्वजन इलाज कराने के बजाय इस आशंका में झाड़-फूंक कराते रहे कि रामचंद्र पर किसी भूत-प्रेत का साया है। झाड़-फूंक के लिए ही रामचंद्र के स्वजन ने रविवार को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के गर्दी गांव निवासी हरिनारायण पनिका (36) को अपने गांव में बुलाया था। हरिनारायण के रिश्ते में रामचंद्र समधी थे। हरिनारायण जब सूदा गांव पहुंचा तो तंत्र क्रिया के लिए उसने शराब की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, उसने शराब पी और फिर गांव के एक सुनसान स्थान पर पूजा शुरू की। इस दौरान हरिनारायण ने रामचंद्र की गर्दन धारदार हथियार से काट दी। वह धड़ से अलग हुए सिर को पकड़कर कुछ बड़बड़ाता रहा। इसके बाद मौके से फरार हो गया। भागते-भागते वह यह कहते हुए सुना गया कि रामचंद्र के शरीर में घुसे भूत से मुक्ति और उसके परिवार को बचाने के लिए यह जरूरी था। इस वारदात की सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तांत्रिक की तलाश शुरू की। लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित को उसके गांव गर्दी से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

********

दैनिक जागरण

सब कुछ लुट जाने पर भी भविष्य बाकी रहता है

# निशाने पर विपक्ष

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवल उसके नकारात्मक, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैये को ही उजागर नहीं किया, बल्कि अपने इस आत्मविश्वास का भी खुलकर प्रदर्शन किया कि उनकी सरकार और बड़े बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने जा रही है। उन्होंने अपना यह लक्ष्य भी स्पष्ट कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अकेले भाजपा कम से कम 370 सीटें जीतने जा रही है। इस दावे के जरिये उन्होंने जम्मू-कश्मीर से विभाजनकारी अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के अपनी सरकार के साहसिक फैसले को ही रेखांकित किया। उन्होंने अपनी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए यह भी बता दिया कि उनका तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों और देश को विकसित बनाने का होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीति में परिवारवाद से उनका क्या आशय है और वह क्यों उसके विरोधी हैं? इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने कांग्रेस को खास तौर पर निशाने पर लिया। उन्होंने यह जो कहा कि कांग्रेस विपक्ष का दायित्व निभाने में विफल रही और उसने अच्छा विपक्ष बनने का अवसर गंवा दिया, उससे असहमत होना कठिन है।


विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस की विफलता का कारण है सरकार के हर निर्णय एवं नीति को खारिज करने की आदत। निःसंदेह किसी विपक्षी दल से यह अपेक्षा नहीं की जाती और न ही की जानी चाहिए कि वह सरकार की प्रशंसा करे, लेकिन कम से कम उसे हर मामले में और यहां तक कि राष्ट्रहित से जुड़े मामलों में भी विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति तो नहीं ही करनी चाहिए। दुर्भाग्य से कांग्रेस ऐसा ही करती रही है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का परित्याग नहीं कर पा रही है, यह गत दिवस लोकसभा में ही तब देखने को मिला, जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान को रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? हैरानी नहीं कि प्रधानमंत्री को यह कहना पड़ा कि वह देश की सेना के खिलाफ एक भी शब्द सहन नहीं करेंगे। अधीर रंजन चौधरी ने यह विभाजनकारी आरोप भी उछाला कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कर्नाटक का उल्लेख करते हुए एक तरह से दक्षिण के राज्यों की अनदेखी करने वाले उन विभाजनकारी बयानों को ही हवा दी, जो कर्नाटक से कांग्रेस सांसद डीके सुरेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधीर रंजन चौधरी को फटकार ही नहीं लगाई, बल्कि यह भी साफ किया कि कर्नाटक किन कारणों से वित्तीय रूप से कठिनाइयों से घिरा है।

# सुनहरा अवसर

बिहार के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपनी दशा सुधारने के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना एक वरदान की तरह है। यदि इस योजना को उद्यम की तरह लिया जाए जैसा कि सरकार की अपेक्षा है, निश्चित रूप से ऐसे परिवारों को लाभ होगा। जाति आधारित गणना में ढूंढे.गए ये ऐसे परिवार हैं, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। आर्थिक तंगी की स्थिति में कई बार लोग सरकारी सहायता को पूंजी के रूप में न लेते हुए आमदनी के रूप में ले लेते हैं। यहीं समस्या पैदा होती है। जब मूल धन ही नहीं बचेगा तो जिस उद्देश्य के लिए राशि दी गई, वह पूरा कैसे होगा? इस मोर्चे पर सरकार और संबंधित व्यक्ति के स्तर पर सतर्कता की जरूरत है। फिलहाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आवेदन के लिए पोर्टल की सेवा का शुभारंभ कर दिया है। आवेदनों की जांच परख भी होगी। इसी आधार पर पात्रों का चयन होगा। ऐसे परिवारों की संख्या 94 लाख है, लेकिन योजना को कई चरणों में पूरा किया जाना है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह कि संबंधित उद्यमी के उत्पादन और उसके विपणन की व्यवस्था को भी दिशा देनी होगी। बाजार में उत्पाद की गुणवत्ता अहम पक्ष है। निश्चित रूप से इसके लिए विभिन्न कार्यों में लगे लोगों को प्रशिक्षित करना होगा। अपने उत्पाद की वे कैसे सम्मानजनक कीमत प्राप्त कर सकते हैं, इसकी राह भी दिखानी होगी। जाहिर है, उचित कीमत न मिल पाने की स्थिति में उत्पादक उदासीन हो जाता है। यहीं समस्या खड़ी होती है। ऐसी स्थिति में उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत पड़ती है। कुशल लोगों को यदि यह एहसास होता रहे कि कड़ी मेहनत का लाभ उन्हें हर हाल में मिलेगा तो वे उदासीन होकर अपना उद्यम बंद नहीं करेंगे।

**बिहार लघु उद्यमी योजना के पात्रों को प्रशिक्षण के साथ-साथ बाजार के मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी**

# इसलिए भारत के रत्न हैं लालकृष्ण आडवाणी



बलबीर पुंज

**आडवाणीजी ने राजनीतिक शुचिता का नया मापदंड स्थापित करने के साथ छद्म सेक्युलरवाद और तुष्टीकरण की पोल खोली**



अवधेश राजपूत

देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के दीर्घानुभवी नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान उनके व्यक्तित्व, क्षमता और गुणों को मान्यता प्रदान करना तो है ही, यह उनके दो मुख्य योगदानों के कारण सर्वथा तर्कसंगत भी है। पहला योगदान है राजनीतिक शुचिता का नया मापदंड स्थापित करना और दूसरा, सार्वजनिक विमर्श में छद्म सेक्युलरवाद और इस्लामी कट्टरवाद के राजकीय तुष्टीकरण को तथ्यों-तर्कों के साथ चुनौती देना। आज अनेक दल स्वयं को सेक्युलर और शत-प्रतिशत गांधीवाद से प्रेरित होने का झंडा तो बुलंद करते हैं, परंतु वे भूल जाते हैं कि सार्वजनिक जीवन में गांधीजी ने शुचिता (परिवारवाद का विरोध सहित) का सदैव पालन किया था। स्वतंत्र भारत में जिन कुछ राजनीतिज्ञों ने इस मर्यादा का अनुसरण किया, वे वैचारिक रूप से गांधी दर्शन के सबसे निकट रहे। उन्हीं में से एक लालकृष्ण आडवाणी भी हैं।

जब विपक्ष में रहते हुए जैन हवाला कांड में आडवाणीजी का नाम आया, तब उन्होंने अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता को अक्षुण्ण रखने के लिए लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया और निर्दोष सिद्ध होने तक संसद न जाने का प्रण लिया। जब दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च अदालत ने उन्हें बेदाग घोषित किया, तब उन्होंने वर्ष 1998 में चुनावी राजनीति में वापसी की। राजनीतिक शुचिता संबंधी इस परंपरा का निर्वहन नरेन्द्र मोदी ने भी किया। जब वर्ष 2002 के गुजरात दंगा मामले में मुख्यमंत्री रहते हुए नरेन्द्र मोदी को पूछताछ के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) ने वर्ष 2010 में बुलाया, तब वह बिना कार्यकर्ताओं की भीड़ के गांधीनगर स्थित एसआइटी कार्यालय पहुंचे और दो सत्रों में नौ घंटे की पूछताछ में देर रात एक बजे तक हिस्सा लिया। इसकी तुलना में वर्तमान स्थिति क्या है? यह वित्तीय कदाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बार-बार प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन की अवहेलना करने, उनके द्वारा जेल से सरकार चलाने का दावा करने, नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी-सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के समय कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक आदि विरोधी दलों द्वारा शासित कई राज्यों में केंद्रीय जांच एजेंसियों के आने पर रोक लगाने के लिए फरमान जारी करने और चारा घोटाले में अदालत द्वारा दोषी लालू प्रसाद यादव के साथ स्वयंभू सेक्युलरवादियों द्वारा मंच साझा करने से स्पष्ट है। इस पृष्ठभूमि में आडवाणीजी और उपरोक्त विरोधी दलों के व्यवहार में अंतर स्पष्ट है।

वर्ष 1980 में भाजपा की स्थापना के पश्चात आडवाणीजी ने उस सेक्युलरवाद को तर्कों और तथ्यों से सीधी चुनौती दी, जो अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से मुस्लिम तुष्टीकरण का पर्याय बन चुका था। जब वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश की शाहबानो को तलाक के बाद उसके पति से गुजारा भत्ता दिलाने का ऐतिहासिक निर्णय सुनाया, तब मुस्लिम समाज का कट्टरपंथी वर्ग बौखला उठा। 'इस्लाम खतरे में है' और 'शरीयत बचाओ' नारों के साथ देश के कई हिस्सों में हजारों मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। अदालत का फैसला प्रगतिशील और मुस्लिम महिलाओं को मध्यकालीन दौर से बाहर निकालने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था, परंतु तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने इस्लामी कट्टरपंथियों के समक्ष आत्मसमर्पण करके प्रचंड बहुमत के बल पर शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय ही पलट दिया। उस प्रकरण ने अपनी जड़ों से कटे और वामपंथी इतिहासकारों द्वारा भ्रमित भारतीय मुस्लिम समाज के एक वर्ग में यह संकीर्ण मानस स्थापित कर दिया कि वे भारतीय व्यवस्था को घुटनों पर ला सकते हैं। कालांतर में ऐसा हुआ भी।

वर्ष 1980 के बाद का श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन और सितंबर-अक्टूबर 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विस्तार थी। वर्ष 1984 तक कांग्रेस के गांधीवादी नेता और देश के दो बार अंतरिम प्रधानमंत्री रहे गुलजारीलाल नंदा के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेता और पूर्व मंत्री दाऊदयाल खन्ना रामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए संघर्ष का समर्थन कर रहे थे। चूंकि उनकी शक्ति सीमित थी, इसलिए उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मोरोपंत पिंगले और अशोक सिंघल का साथ मिला, जिन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन को अतुलनीय गति प्रदान की। इस सांस्कृतिक संघर्ष में जनमानस को जोड़ने में आडवाणीजी की अध्यक्षता में नौ-11 जून 1989 को पारित भाजपा के पालमपुर घोषणापत्र और उनके नेतृत्व में सितंबर-अक्टूबर 1990 में निकाली गई रथयात्रा ने अग्रणी भूमिका निभाई।


वर्ष 1987 में एक साक्षात्कार में आडवाणीजी ने कहा था, ''भारतीय मुसलमानों के किसी भी वर्ग के लिए स्वयं को बाबर के साथ जोड़ना वैसा ही है, जैसे ईसाई समाज दिल्ली में गांधीजी की मूर्ति के स्थान पर जार्ज पंचम की मूर्ति लगाने के लिए इसलिए जिद करे कि वह ईसाई थे। गांधीजी हिंदू थे, परंतु वह इस देश के हैं, जार्ज पंचम नहीं। इसी तरह श्रीराम इस देश के हैं। इतिहास और सांस्कृतिक मुद्दे पर मैं मुस्लिम नेतृत्व से विनती करूंगा कि यदि इंडोनेशिया के मुसलमान राम और रामायण पर गर्व कर सकते हैं तो भारतीय मुसलमान क्यों नहीं?'' आडवाणीजी ने हिंदू-मुस्लिम समस्या की नब्ज पर सीधा हाथ रखा था। सच तो यह है कि भारतीय मुस्लिम समाज का एक वर्ग आज भी गौरी, गजनवी, बाबर, खिलजी, अब्दाली, औरंगजेब रूपी उन इस्लामी आक्रांताओं को अपना नायक मानता है, जिन्होंने इस भूखंड की सांस्कृतिक अस्मिता रौंदने का प्रयास किया।

आडवाणीजी ने सदैव राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी। जब वह रामजन्मभूमि मामले में अपनी रथयात्रा को लेकर राजनीति के शिखर पर थे, तब उन्होंने वर्ष 1995 में मुंबई के भाजपा महाधिवेशन में बतौर पार्टी अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। इस पर आडवाणीजी अपनी जीवनी में लिखते हैं, ''जो मैंने किया, वह कोई बलिदान नहीं। वह उस तर्कसंगत मूल्यांकन का परिणाम है कि क्या सही है और क्या पार्टी तथा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में है।'' यही विशेषताएं आडवाणीजी को भारत रत्न बनाती हैं।

(स्तंभकार हाल में प्रकाशित पुस्तक 'ट्रिस्ट विद अयोध्याः डिकोलोनाइजेशन आफ इंडिया' के लेखक हैं)

response@jagran.com

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की चुनौती



जगमोहन सिंह राजपूत

**अनेक प्रकार के सुधारों के बाद भी सरकारी स्कूलों की साख अभी भी स्थापित होती नहीं दिख रही है**



सुधर नहीं रहे सरकारी स्कूल। फाइल

पिछले दिनों एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन (असर) की रिपोर्ट की चर्चा देश भर में हुई। यह रिपोर्ट प्रथम नामक एनजीओ द्वारा 2005 के बाद लगभग प्रतिवर्ष देश के समक्ष आती रही है। इसके अनुसार ऊंची कक्षाओं में पहुंच चुके अधिकांश बच्चे भी कक्षा दो या तीन की गणित, भाषा या अन्य विषयों में अपेक्षित स्तर प्राप्त नहीं कर पाए हैं। स्पष्ट है कि कोई विद्यार्थी यदि कक्षा सात में पहुंच कर कक्षा तीन का गुणा-भाग नहीं सीख पाया है तो वह भले ही प्रति वर्ष सफल होता रहे, लेकिन कभी भी आत्मविश्वास युक्त एक ऐसा युवा नहीं बन पाएगा, जो अपेक्षित स्तर के कौशल तथा ज्ञान से युक्त होकर अपने कार्यस्थल पर गुणवत्तापूर्ण उत्तरदायित्व का निर्वहन कर सके। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति पिछले अनेक दशकों से अत्यंत चिंताजनक रही है। इस वर्ष की असर की रिपोर्ट कहती है कि 14 से 18 वर्ष के लगभग 90 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग करना जानते हैं। 43.7 प्रतिशत लड़कों के पास अपने स्मार्टफोन हैं, जबकि केवल 19.8 प्रतिशत लड़कियां ही इतनी भाग्यशाली हैं। यह भी अत्यंत निराशाजनक है कि 14 से 18 वर्ष के 21 प्रतिशत ग्रामीण बच्चे इस जिज्ञासा का कोई उत्तर नहीं दे सके कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं और क्या करना चाहते हैं? सबसे अधिक 13 प्रतिशत ने पुलिस और 11.4 प्रतिशत ने अध्यापक बनने की इच्छा व्यक्त की।

अपने अनुभव के आधार पर मेरा निष्कर्ष पर यह है कि ग्रामीण क्षेत्र मे 14 से ऊपर के आयु वर्ग के युवाओं में निराशा धीरे-धीरे बढ़ने लगती है। जैसे-जैसे वे अपने आस-पास हो रही नियुक्तियों की प्रक्रिया को देखते हैं तो उन्हें लगने लगता है कि जो घोर प्रतिस्पर्धा उनके समक्ष आने वाली है, उसके लिए आवश्यक संसाधन और स्रोत जुटा पाना असंभव होगा। ऐसी स्थिति में यह वर्ग बड़ी अपेक्षाएं नहीं करता। उसे सबसे अधिक संभाव्य अध्यापक बनना प्रतीत होता है। इसमें आस-पास के इलाके में पद-स्थापना की संभवना अधिक होती है। नई शिक्षा नीति यह स्पष्ट करती है कि आगे के वर्षों में अध्यापकों की नियुक्तियां केवल नियमित आधार पर ही की जाएंगी। अस्थायी नियुक्तियों का चलन बंद किया जाएगा, क्योंकि इसमें गुणवत्ता नकारात्मक ढंग से प्रभावित होती है। राज्य सरकारें इस संस्तुति को कितनी प्राथमिकता देंगी, यह देखना होगा।

आज भारत उस दौर में पहुंच चुका है, जहां माता-पिता अपने लड़के-लड़कियों को समान रूप से शिक्षित करना चाहते हैं। उन्हें अब अच्छी गुणवत्ता और कौशल प्रदान करने वाली शिक्षा स्कूलों में चाहिए, पर अनेक प्रकार के सुधारों के बाद भी 1960 के पश्चात लगातार गिर रही सरकारी स्कूलों की साख अभी भी सुधार की दिशा में अग्रसर नहीं है। यह कड़वा सत्य है। इसे स्वीकार करने पर ही इन स्कूलों की साख और स्वीकार्यता बढ़ाने के प्रयास ईमानदारी से प्रारंभ हो सकेंगे। यदि लोगों के पास विकल्प के रूप में पूरी तरह से तैयार सरकारी स्कूल उपलब्ध हों तो वे वहीं अपने बच्चे भेजेंगे। भारत सरकार ने अभी पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत 14,500 स्कूल खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ की है। पहले से भी देश में केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मिलिट्री स्कूल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय जैसे स्कूल स्थापित किए गए हैं, लेकिन इनकी संख्या सीमित होने के कारण ये सभी की पहुंच से दूर ही रह जाते हैं। पीएम श्री स्कूलों से अच्छे स्कूलों का देश भर में फैलाव बढ़ेगा। इसका असर अन्य स्कूलों पर भी पड़ेगा। राज्य सरकारें यदि स्कूलों के प्रति अपनी प्राथमिकता ऊंची करें और आवश्यक भौतिक तथा मानवीय संसाधन उपलब्ध कराने में कोताही न करें तो वे स्वयं भी पीएम श्री जैसे स्कूलों का अनुसरण करने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। उन्हीं देशों का भविष्य सुनहरा है, जहां ज्ञान-बुद्धि-विवेक की प्राथमिकता स्वीकार्य होगी और जो राष्ट्र नई पीढ़ी को इसके लिए तैयार करने में कोई कोताही नहीं करेंगे। भारत में अभी भी 50-60 प्रतिशत से अधिक स्कूल ऐसे हैं, जहां कई प्रकार की कमियां लंबे समय तक बनी रहती हैं। इनमें कुछ सुधार तो हुए हैं, लेकिन उन सुधारों की निरंतरता प्रायः शिथिल हो जाती है।

स्कूलों का समय से खुलना और प्रतिदिन वहां पर हर अध्यापक द्वारा अपना उत्तरदायित्व निष्ठापूर्वक निभाया जाना आज भी भारत में व्यवस्थित नहीं हो पाया है। इसमें तो आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता नहीं है, लेकिन नैतिकता, अनुशासन तथा ईमानदार अधिकारियों की सख्त आवश्यकता है। ऐसा तब संभव होगा जब देश के शिक्षक दैनंदिन कार्य संस्कृति में नैतिकता, समय पर उत्तरदायित्व निर्वाह और समाज के प्रति कर्तव्य-समर्पण को उजागर करते रहें। प्रसिद्ध चिंतक और दार्शनिक गुन्नार मिर्डल ने बहुत पहले कहा था कि विकासशील देशों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान गुणवत्तापूर्ण सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के मुख्य स्रोत हैं। भारत को इस दिशा में बहुत बड़े प्रयास करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इस संबंध में चिंता व्यक्त की है और अपेक्षा की है कि आगे चलकर अध्यापक प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया में बड़े सुधार किए जाएंगे। इसे युद्ध-स्तर पर करना होगा, क्योंकि एक अपूर्ण अध्यापक हजारों बच्चों के जीवन में नकारात्मक प्रवृत्तियां सम्मिलित कर सकता है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को नैतिक मूल्यों, नैतिकता-आधारित प्रबंधन और समर्पित कार्य संस्कृति के अनुकरणीय स्थल के रूप में अपने को विकसित करना होगा। यह करना ही होगा, कोई अन्य विकल्प है ही नहीं।

(लेखक शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और पंथक समरसता के क्षेत्र में कार्यरत हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## सुगंधित जीवन

पृथ्वी पर मनुष्य अन्य जीवों में सर्वश्रेष्ठ इसलिए है, क्योंकि उसके पास तन-मन के अलावा मनन की भी शक्ति है। जबकि अन्य जीवों के पास तन-मन तो है, पर मनन की क्षमता नहीं है। मनुष्य ही अच्छे-बुरे में फर्क करना तथा उसके परिणामों के बारे में जानता है। अच्छा कर्म करेगा तो वह सिर उठा कर जीवन जीएगा। उसका आत्मबल सशक्त होगा तथा किसी से आंख में आंख मिलाकर बात कर सकेगा, क्योंकि गलत कामों में लिप्त व्यक्ति का आत्मविश्वास सबसे पहले कमजोर होता है। वह अपनी गलतियों को छुपाने में ही लगा रहता है। संसार में सभी मनुष्यों की संरचना एक जैसी होती है। थोड़ा-बहुत रंग-रूप आदि छोड़ दिए जाएं तो सभी के जीने का तरीका एक जैसा ही रहता है। सभी जीने के लिए प्रकृति से आक्सीजन लेते हैं, भोजन के लिए आहार लेते हैं, प्यास बुझाने के लिए जल पीते हैं और वस्त्र पहनते हैं। शरीर संचालन की प्रक्रिया भी एक जैसी ही होती है, लेकिन चिंतन के धरातल पर सभी का स्तर अलग-अलग होता है। आनंद सभी जीवों की प्रवृत्ति इसलिए है, क्योंकि हर जीव आनंद से निर्मित हुआ है।

जब यह निश्चित है कि बिना आनंद के जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा तो चिंतनशील मनुष्य को चाहिए कि वह आनंद की आबोहवा में सांस लेने का उपक्रम भी करे। इसके लिए खुद या अपने परिजनों के आनंद तथा सुख के लिए जो भाव मन में रखता है, उसका विस्तार करे। वह यह सोचे कि जिस तरह सुख का जीवन वह जीना चाहता है, वैसे ही तो परिवार तथा रिश्ते के लोग भी जीना चाहते होंगे। इस तरह वह देखेगा कि अभी तक उसका जो संकीर्ण-सोच था और जिस तरह का जीवन जी रहा था, उसमें कितना बदलाव आ गया। व्यक्ति दूसरों को खुशी का इत्र लगाएगा तो उसकी भी अंगुलियां सुगंधित हो जाएंगी।

सलिल पांडेय

# महिलाओं को सवेतन मातृत्व अवकाश

सुनीता मिश्रा

**सड़क निर्माण में कार्य करने वाली महिलाओं को सवेतन मातृत्व अवकाश देने का निर्णय सराहनीय है**

केंद्र सरकार ने कार्यबल में आधी आबादी की भागीदारी बढ़ाने के लिए सड़क निर्माण करने वाली पंजीकृत महिला कर्मियों को दो प्रसूतियों के लिए 26 हफ्तों का सवेतन मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की है। इसके तहत कंपनियों को लैंगिक समानता, महिलाओं को सशक्त बनाने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए उन्हें आनलाइन भुगतान सुनिश्चित करना होगा ताकि उनका सुपरवाइजर उनके वेतन में कटौती न कर सके।

महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं। वर्तमान में वे घर को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान दे रही हैं। विज्ञान, तकनीक और शोध अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने इस धारणा को तोड़ दिया है कि वे चुनौती भरे कार्यों को अंजाम देने में समर्थ नहीं हैं। सूर्य और चंद्रयान मिशन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका ने पूरी दुनिया में भारत को गौरवान्वित किया है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक और राजनीति से लेकर सेना एवं रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं, बल्कि वे हर क्षेत्र में आगे आकर नेतृत्व कर रही हैं। कामकाजी महिलाओं द्वारा अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए कभी-कभी नवजात शिशु के साथ अन्याय हो जाता है। उन्हें बच्चों की परवरिश में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मोदी सरकार ने 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया, जो मां और शिशु दोनों के लिए लाभदायक है। सरकार ने मार्च 2018 में मातृत्व लाभ (संशोधन) कानून, 2017 अधिसूचित किया था। इसके तहत 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक संस्थान के लिए यह अनिवार्य किया गया था कि उनके पास निर्धारित दूरी के भीतर पालना घर हो।

प्रत्येक कामकाजी महिला अपने काम के साथ बच्चे को भी पूरा वक्त देना चाहती है। ऐसे में मातृत्व अवकाश उसके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस दौरान मिल रहे वेतन से वह अपने परिवार और बच्चे दोनों की जरूरतों को भी पूरा कर पाती है। यह तो हम सभी जानते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य से बेहतर भविष्य जुड़ा है और बेहतर भविष्य तभी होगा जब हम आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि सड़क निर्माण करने वाली महिला कर्मियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब रहती है। वर्तमान में देश में महिला श्रम बल की भागीदारी 37 प्रतिशत है। इस दिशा में सड़क निर्माण में कार्य करने वाली महिलाओं को सवेतन मातृत्व अवकाश देने का निर्णय सराहनीय है। इससे सड़क निर्माण करने वाली हजारों महिला कर्मचारियों, उनके बच्चों को लाभ मिलेगा और वे उनके भविष्य को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं रहेंगी।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### आधारहीन विश्लेषण

'गणतांत्रिक मूल्यों से भटकता भारत' शीर्षक से लिखे अपने आलेख में कपिल सिब्बल ने कहा है कि एक धार्मिक आयोजन में प्रधानमंत्री की सहभागिता से हमारे गणतंत्र के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उन्हें पाठकों को बताना चाहिए कि हमारे संविधान की मूल प्रति में गणतांत्रिक मूल्यों की वैधानिक परिभाषा कहां दी गई है। कपिल सिब्बल के लिए संविधान एक लिखित कानून के बजाय एक विचार है। उनके अनुसार पहला विचार समानता का है, लेकिन देखा जाए तो हमारे यहां कभी भी समानता मौजूद नहीं रही, क्योंकि हमारे पास एक राष्ट्र, एक कानून नहीं हैं। सनातन समाज को सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी में विभाजित और खंडित किया है, जबकि 35 करोड़ मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं। लेखक के अनुसार दूसरा विचार सेक्युलरिज्म का है। देखा जाए तो सेक्युलरिज्म शब्द स्वयं असंवैधानिक है। इसे आपातकाल के दौरान बिना लोकसभा और राज्यसभा की सहमति से संविधान में जोड़ा गया। कपिल सिब्बल ने यह भी लिखा है कि सरकार इन दिनों धार्मिक मामलों में भागीदार बन रही है, लेकिन उन्होंने उन धार्मिक मामलों की सूची नहीं पेश की है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किसी देश की आबादी को अल्पसंख्यक दर्जा तभी मिलना चाहिए जब कुल जनसंख्या में उसकी हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से कम हो, लेकिन भारत में 35 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, फिर भी वह अल्पसंख्यक है। आखिर क्यों? लेखक की मानें तो सरकारी मशीनरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने का आदेश दिया गया, लेकिन उन्होंने आलेख में कहीं भी इस संबंध में जारी सरकारी परिपत्र, आदेश संख्या और अधिसूचना का कोई विवरण नहीं दिया है। वह आगे लिखते हैं कि पीएम मोदी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने से संवैधानिक संस्कृति को नुकसान पहुंचा है। लेखक को बताना चाहिए कि संविधान के अनुसार संवैधानिक संस्कृति क्या है? वह राजनीति के चरित्र की भी बात कर रहे हैं। पाठक उनसे राजनीति के चरित्र की नियम-पुस्तिका के बारे में जानना चाहते हैं, जिसका पालन हर राजनीतिक दल करें। पूरे आलेख को पढ़कर लगता है कि कपिल सिब्बल यह देखकर दुखी हो गए हैं कि पूरे विश्व ने 22 जनवरी को जन्म प्रमाण पत्र मांगे बिना श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मनाया।

विवेक शुक्ल, vivekmoser@gmail.com

### महिला सशक्तीकरण से देश होगा मजबूत

समृति इरानी का आलेख' महिला सशक्तीकरण को समर्पित सरकार' अत्यंत सटीक है। वैसे तो मोदी सरकार का मूलमंत्र रहा है सबका साथ, सबका विकास, लेकिन महिलाओं के उत्थान, कल्याण के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए हैं। यह सार्वभौमिक सत्य है कि महिलाओं के सशक्तीकरण से परिवार, समाज और पूरे देश का सशक्तीकरण होता है। आज अंतरिक्ष, नभ, थल, जल के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पहले की अपेक्षा अत्यधिक बढ़ी है। तकनीक और इंजीनियरिंग में पहले बेटियों की भागीदारी अत्यंत ही कम थी, लेकिन धीरे धीरे यह बढ़ रही है। आज की स्थिति तो बेहद उत्साहवर्धक है। उदाहरण के तौर पर सांइस, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित स्नातकों में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत है, जो अनेक विकसित देशों से भी अधिक है। महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाया है। सबसे गरीब महिलाओं के लिए लगभग 12 करोड़ शौचालय निर्माण, 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, मुद्रा लोन आदि भी उपलब्ध कराए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जा रहा है। तीन करोड़ महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करके लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। तीनों सेनाओं में हर पद पर स्थायी कमीशन की राह खोल दी गई है। यहां तक कि खेलों में भी बेटियां हिस्सा ले रही हैं और पुरुषों से अधिक पदक जीत रही हैं। शूटिंग और बाक्सिग में तो महिलाएं कमाल कर रही हैं।

सीपी बंसल, दिल्ली

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।
अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व.नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

********

**30** प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है भारत में समूचे औद्योगिक उत्पादन का, जबकि निर्यात में इनका योगदान लगभग 40 प्रतिशत है।




प्रदीप
विज्ञान संचारक

न्यूरालिंक चिप

# संभावनाएं अपार, किंतु दुरुपयोग की आशंका

**विश्व के अमीर कारोबारियों में शामिल एलन मस्क बहुत पहले से मनुष्य और मशीनों के बीच तालमेल बढ़ाने तथा मानवीय क्षमताओं को मौलिक रूप से बढ़ाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग की वकालत करते रहे हैं। मस्क ने हाल ही में घोषणा की है कि उनकी कंपनी 'न्यूरालिंक' ने पहली बार अपने ब्रेन चिप या ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस को एक मनुष्य के दिमाग में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित (इंप्लांट) किया है। हालांकि इसके बाद की चुनौतियों का अभी पूर्ण आकलन नहीं हो पाया है, लिहाजा इसके दुरुपयोग से जुड़ी चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा**



चिप के माध्यम से मानव मस्तिष्क को नियंत्रित करने में मिली है आरंभिक सफलता। प्रतीकात्मक

एलन मस्क ने न्यूरालिंक चिप के बारे में इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'प्रारंभिक नतीजे उत्साह बढ़ाने वाले हैं और ये न्यूरान स्पाइक का पता लगाने की उम्मीद जगाते दिखते हैं।' दरअसल न्यूरान स्पाइक वे विद्युत संकेत होते हैं, जिससे न्यूरान आपस में संपर्क स्थापित करते हैं। मस्क ने इसके बाद लिखा, 'न्यूरालिंक के पहले उत्पाद को टेलीपैथी के नाम से जाना जाएगा। इस कंपनी का दावा है कि ब्रेन चिप इंप्लांट का प्राथमिक उद्देश्य दृष्टिहीनता, बहरेपन, टिटनेस, मस्तिष्क आघात या जन्मजात न्यूरोलाजिकल विकारों से ग्रस्त रोगियों के जीवन को आसान बनाना है। ब्रेन चिप इंप्लांट केवल सोचने मात्र से आपके मोबाइल या कंप्यूटर और उनके माध्यम से लगभग किसी भी डिवाइस के नियंत्रण को सक्षम बना देता है। इसके आरंभिक उपयोगकर्ता वे दिव्यांग होंगे, जिनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया है।

अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने मई 2023 में न्यूरालिंक को मानव परीक्षण के लिए मंजूरी दी थी। इसके बाद सितंबर में कंपनी ने घोषणा की थी कि वह अपने शुरुआती परीक्षण के लिए उपयुक्त लोगों की तलाश कर रही है। इसलिए मनुष्य में चिप इंप्लांट की हालिया घोषणा ने तंत्रिका विज्ञानियों (न्यूरोसाइंटिस्ट्स) को आश्चर्यचकित नहीं किया, उनके लिए यह खबर काफी हद तक अपेक्षित ही थी। यह कल्पना ही बड़ी रोमांचक लगती है कि हमारे दिमाग में एक चिप इंप्लांट कर दिया जाए तथा हम हाथ-पैर हिलाए बिना बस पड़े रहें और हमारे सोचने भर से ही मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी जैसे डिवाइसेज काम करने लगें। इंसानी दिमाग में चिप इंप्लांट की खबर के साथ यह कल्पना अब वास्तविकता का रूप लेने की ओर अग्रसर है। अगर न्यूरालिंक का यह प्रयोग पूरी तरह सफल हुआ तो चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति आ जाएगी।

वर्ष 2016 में मस्क ने कुछ विज्ञानियों और इंजीनियरों के साथ मिलकर न्यूरालिंक कंपनी की स्थापना की थी। इस कंपनी का उद्देश्य ऐसी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस तकनीकों का अविष्कार करना है, जिससे मनुष्य अपने दिमाग को सीधे कंप्यूटर से जोड़ सके। लंबे समय से विज्ञानियों की यह मान्यता रही है कि मानव मस्तिष्क को सीधे कंप्यूटर से जोड़ने से मस्तिष्क के जटिल रहस्यों को समझा जा सकता है और शारीरिक व मानसिक रोगों से पीड़ित मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। इसका सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिल सकता है, जो किसी वजह से अपने हाथ-पांव नहीं चला सकते और अपने मन में चल रही बातों को व्यक्त नहीं कर पाते। इससे मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी आदि को चलाने या नियंत्रित करने के लिए हाथ-पांव हिलाने की जरूरत नहीं रह जाएगी और मूक-बधिर भी मशीनों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकेंगे तथा बाहरी दुनिया से संवाद कर सकेंगे।

दिसंबर 2022 में एक वेब शो के दौरान मस्क ने न्यूरालिंक की सफलताओं और उपलब्धियों को सार्वजनिक करते हुए कहा था कि कंपनी द्वारा निर्मित ब्रेन चिप को मानव परीक्षण के बाद वह स्वयं डेमो के तौर पर अपने दिमाग में इंप्लांट करवाएंगे। इस वेब शो में एक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया था, जिसमें एक बंदर अपने हाथों का उपयोग किए बिना अपने दिमाग की मदद से टाइपिंग करता दिखाई दे रहा था। इस वीडियो को रिकार्ड करने से छह सप्ताह पहले बंदर के दिमाग के भीतर एक ब्रेन चिप इंप्लांट किया गया था। यह चिप कंप्यूटर या स्मार्टफोन और दिमाग के बीच एक इंटरफेस का काम कर रहा था। इससे भविष्य में हम सोचने भर से ही मशीनों को संचालित कर सकेंगे। ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस जैसी तकनीकों का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा ही है, मसलन लकवाग्रस्त लोगों के लिए ऐसी सुविधा उपलब्ध करना जिससे वे सोचने भर से अपने जरूरी काम कर सकें। इसके समर्थक कहते हैं कि याददाश्त घटने, बहरापन, नेत्रहीनता, अवसाद, पार्किंसन, मिर्गी और नींद न आने जैसी परेशानियां भी इस तकनीक से दूर की जा सकती हैं।

एलन मस्क के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर मनुष्य की श्रेष्ठता स्थापित करने के लिए ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस बहुत जरूरी है और न्यूरालिंक इसे विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके शब्दों में, 'लंबी अवधि में इस तकनीक का प्रयोग एआइ से हमारे अस्तित्व संबंधी खतरे को दूर करने में किया जाएगा।' संभवतः यहां मस्क हालीवुड फिल्म 'द मैट्रिक्स' की ओर संकेत कर रहे थे, जिसमें एआइ से लैस कंप्यूटर प्रोग्राम पूरी दुनिया पर कब्जा कर लेता है और इंसान अपने दिमाग में ऐसा ही कोई यंत्र इंप्लांट करके दिमागी स्तर पर उस कंप्यूटर प्रोग्राम से लड़ते हैं और एआइ पर जीत हासिल करते हैं।

ऐसा हो सकता है कि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस की सहायता से मनुष्य स्वयं को अपग्रेड कर सके, लेकिन यह भी हो सकता है कि इस टेक्नोलाजी के चलते वह किसी बड़े खतरे में पड़ जाए? क्या होगा अगर ब्लूटूथ टेक्नोलाजी से संचालित किसी के ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस को हैक कर लिया जाए? ताकतवर लोग इसका गलत उपयोग भी कर सकते हैं। बड़ा सवाल यह होगा कि मानव मस्तिष्क का नियंत्रण कंप्यूटर से होगा या फिर कंप्यूटर ही दिमाग को चलाएगा? अगर कंप्यूटर ही दिमाग को नियंत्रित करेगा तो 21वीं सदी में वैश्वीकरण और मशीनीकरण के विस्तार के साथ शताब्दियों से चली आ रही मनुष्य की बल और बुद्धि की श्रेष्ठता के खत्म हो जाने का खतरा मंडराने लगेगा। इतना ही नहीं, डर यह भी है कि इससे किसी इंसान की याददाश्त का कोई खास हिस्सा मिटाकर या जोड़कर उसे अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सकेगा। इसके अलावा सबसे बड़ा डर प्राइवेसी (निजता) का है, क्योंकि यह किसी के दिमाग की सभी जानकारियों, समस्त अनुभवों, यहां तक कि सारी निजी बातें इकट्ठी करके एक चिप में डाल देने जैसा है।

बहरहाल, कोई चिप दिमाग की मदद के नाम पर देह और दिमाग दोनों को नियंत्रित करे, इस बात से पूरी दुनिया के विज्ञानी और दर्शनशास्त्री दोनों ही चिंतित हैं। अगर हम इसके दुरुपयोग की आशंकाओं और चुनौतियों को दूर या कम करने में सक्षम हो सके तो निश्चित रूप से भविष्य में न्यूरालिंक चिप दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है।

## चिप के माध्यम से वाहनों पर नियंत्रण

प्रमोद भार्गव

दुनिया के अमीर उद्योगपतियों में गिने जाने वाले एलन मस्क द्वारा न्यूरालिंक चिप को प्रभावी बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के समाचार सामने आने के बाद इस प्रकार के अनेक अन्य चिप पर भी काम हो रहे हैं। इस प्रकार के चिप निश्चित रूप से दिव्यांगों के लिए लाभकारी हो सकते हैं, परंतु इससे जुड़े अनेक जोखिम भी सामने आ सकते हैं। अचरज लगेगा जब आप सोचें कि कार की खिड़कियां खोलनी हैं और बस सोचते ही खिड़कियां खुल भी जाएं या फिर बंद हो जाएं। जिस गंतव्य पर आप जाना चाहते हैं, कार उसी दिशा और उसी मंजिल की ओर चलने लग जाए। बिना कुछ शारीरिक श्रम किए ही आप टीवी और मोबाइल आदि से अपने आवश्यक कार्य केवल सोचकर और कमांड देकर निपटा सकते हैं। अभी तक किस्सों, कहानियों में हमने इन अचरजों को पढ़ा है या फिर फिल्मों में देखा है। हमारे प्राचीन ग्रंथों रामायण, महाभारत और पुराण कथाओं में भी हमने विमानों को इच्छानुसार चलते देखा है। लेकिन मिथकीय गल्प समझी जाने वाली इन आश्चर्यजनक कथाओं को अब यूरोप की सबसे बड़ी कार कंपनी मर्सिडीज ने वास्तविकता में बदल दिया है। जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित यूरोप के सबसे बड़े आटो शो आइएए में वियरेबल ब्रेन कंप्यूटर तकनीक से इन कल्पनाओं को दृश्य रूप में बदलते दिखाया गया है। भविष्य में सोच के विज्ञान से चलने वाली ये सभी सुविधाएं मर्सिडीज कारों में मिलने जा रही हैं। इन कारों के सारे क्रियाकलाप केवल सोच से नियंत्रित होंगे। उपयोगकर्ता को 'वियरेबल ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस' पहनना जरूरी होगा और कार चलाते समय डिजिटल डैशबोर्ड में लगे सेंसर पर फोकस करना होगा। कार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक चालक की दिमागी तरंगों का विश्लेषण करके पता कर लेंगी कि आपकी मंशा क्या है। बस इसे पकड़ते ही डैशबोर्ड को कमांड मिल जाएगा और कार फीड किए रास्ते पर चल पड़ेगी।

**सोचने से चलेंगे मोबाइल एवं कंप्यूटर :** आपने संध्या के समय यह सोचा होगा कि कल सुबह चार बजे जागना है। परंतु सोते समय आप भूल गए और बिना अलार्म लगाए ही सो गए और सुबह ठीक चार बजे फोन का अलार्म बजने लगा। इतना ही नहीं, कार्यालय से घर आते समय रास्ते में यदि आपको यह याद आया कि किसी व्यक्ति को एक जरूरी ईमेल भेजना भूल गए, लेकिन जब आप इसी काम के लिए ईमेल खोलेंगे तो पाएंगे कि उन्हें तो ईमेल भेजा जा चुका है। यह कैसे हो रहा है? आप जो भी काम सोच रहे हों, बिना कोई कमांड दिए वह सब काम हो कैसे रहा है? यहां हम किसी फिल्म का सीन नहीं बता रहे, बल्कि अगले कुछ वर्षों में मानव जीवनशैली की झलकियां दे रहे हैं। वस्तुतः ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआइ) एक ऐसी प्रणाली है, जो दो विषय क्षेत्रों के बिंदुओं में समन्वय स्थापित करती है। अर्थात सूचना प्रदाता (कंप्यूटर प्रोग्राम और सूचना प्रयोक्ता यानी कंप्यूटर रिसीवर) का संबंध इंटरफेस पर परस्पर जुड़ जाता है। परिणामस्वरूप इस प्रणाली के माध्यम से संचार का सीधा मार्ग खुल जाता है। इस बीसीआई पद्धति का प्रयोग मानव संज्ञानात्मक या संवेदी मोटरकार पर तेजी से किया जा रहा है। हालांकि इसके पहले इस पद्धति का परीक्षण चूहों और बंदरों में भी सफलतापूर्वक हो चुका है। उम्मीद की जा रही है कि मनुष्य की अधिकांश गतिविधियों में इस तकनीक का उपयोग संभव हो सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

खरी-खरी

## क्या किया आपने देश के लिए...

केदार शर्मा 'निरीह'

'अनगिनत शहीदों ने अपने प्राणों की बलि दी। अथक संघर्ष किया, तब जाकर यह आजादी हासिल हुई है। हमारी संस्कृति और हमारी विरासत पर हमें गर्व है।' मुख्य अतिथि के रूप में नेताजी मंच से बोल रहे थे। बाहर निकलते ही मैंने पूछ लिया, 'सर, हमारी रुचि यह जानने में है कि आपने क्या किया देश के लिए?' वह बोले, 'मैं अपने हर कार्यक्रम में देशभक्तों पर भाषण देकर नई पीढ़ी को प्रेरित करता हूं, यह क्या कम देश सेवा है?'

पास ही के एक मंदिर में पंडितजी भगवान की लीलाओं का वर्णन कर रहे थे। भगवान राम और कृष्ण ने क्या किया, इसका स्मरण करा रहे थे। कथा के उपरांत एकांत में मैंने उनसे पूछा, 'भगवान राम और कृष्ण जैसे अवतारों की लीलाओं के कारण ही तो भारत को पूरी दुनिया में जगद्गुरु माना जाता था। पर हमारी रुचि यह जानने में है कि भारत फिर से जगद्गुरु बने, इसके लिए आप क्या कर रहे हैं?' उन्होंने घूरकर देखा, फिर बोले, 'दिखता नहीं क्या, हम कथा के माध्यम से उनकी लीलाओं से लोगों को परिचित करा रहे हैं, यह कम काम है क्या?'

वहीं एक कालेज में इतिहास के प्रोफेसर ईसा पूर्व से लेकर ईसा के बाद अब तक के इतिहास का वर्णन कर रहे थे। शासकों की वीरता का बखान कर रहे थे। बाहर निकलते ही मैंने पूछ लिया, 'सर, इतिहास के उन महापुरुषों ने तो बहुत कुछ किया, पर भावी इतिहास बनाने के लिए आप क्या कर रहे हैं?' वह गंभीर हो गए, बोले, 'मैं विद्यार्थियों को इन सब की जानकारी दे रहा हूं, ताकि ये भी इस जानकारी को अगली पीढ़ियों तक प्रेषित कर सकें।'

अगले ही दिन सुबह के समय मैं समाचार पत्र पढ़ रहा था। वह अपराध और हत्या आदि की खबरों से भरा पड़ा था। तभी वे तीनों एकसाथ घर पर आ धमके और मुझ पर प्रश्न दाग दिया, 'महोदय, आखिर आपने क्या किया देश के लिए?' मैं इस प्रश्न पर हड़बड़ा गया, 'देखिए, फिलहाल तो मैं लोगों से यही सब जानने का प्रयास कर रहा हूं और उन्हें लिख रहा हूं। पाठकों से भी यही पूछ रहा हूं। शायद वे कुछ करते हों?'

## पोस्ट

जसप्रीत बुमराह बहुत ही खास क्रिकेटर हैं। उनकी यार्कर लोग बार-बार देखेंगे।
इरफान पठान@IrfanPathan



पेटीएम ही नहीं, जेट एयरवेज और बायजूस जैसी कंपनियां, जो एक समय निवेशकों की पहली पसंद थीं, स्टाक मार्केट में जिनका दबदबा था, वे आज मुश्किल में हैं। कारण क्या है? किसी भी तरह बड़ा होने की चाहत, रिटर्न के लिए निवेशकों का दबाव या कमजोर कारपोरेट गवर्नेंस?
मारिया शकील@maryashakil

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सीमा पार आतंकवाद, तुष्टीकरण, छद्म पंथनिरपेक्षता। ये चारों शब्द लालकृष्ण आडवाणी की ही देन हैं। भाजपा नेता अपने संबोधनों में इन्हीं शब्दों का प्रयोग करते रहे हैं।
नवनीत मिश्र@navneetmishra99


सिर्फ सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से काम नहीं चलेगा। चंडीगढ़ मेयर चुनाव निरस्त होना चाहिए और पीठासीन अधिकारी को जेल होनी चाहिए। तभी लोकतंत्र बचेगा।
शिवराज यादव@shivayadav87

फर्जी वादे, भ्रष्टाचार, बेलगाम आरोप-प्रत्यारोप के बीच नैतिकता की राजनीति आज एक दिव्य स्वप्न लगती है।
डा. मुनीश कुमार रायजादा@DrMunishRaizada

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या यूपी में सपा व कांग्रेस मिलकर भाजपा के लिए कड़ी चुनौती प्रस्तुत कर सकेंगी?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में।

**आज का सवाल**

उत्तराखंड की तरह अन्य राज्यों को भी समान नागरिक संहिता के लिए प्रयास करना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है।

## जनपथ

चम्पाई चाचा दिए धुआंधार वक्तव्य,
चित्रण श्री हेमंत का किया उन्होंने भव्य।
किया उन्होंने भव्य वाह री! खिदमतदारी,
पूज्यनीय हैं आज देश में भ्रष्टाचारी!
जो लिख दे नेपथ्य वही जाएगा बांचा,
किये बस यही काम आज चम्पाई चाचा!!
- ओमप्रकाश तिवारी



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल

बंगाल डायरी

# 40 सीटों वाली भविष्यवाणी के मायने

बंगाल में तृणमूल और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव में समझौता होना असंभव सा लग रहा है। जिस तरह से राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बंगाल पहुंचने के बाद से मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी आक्रामक हैं और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के 40 सीटें भी जीतने पर संदेह जताया है, उसके बड़े मायने हैं। ममता की 40 सीटों वाली भविष्यवाणी और कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक तेवर के निहितार्थ को समझें तो साफ हो जाता है कि राहुल गांधी की बंगाल के मुस्लिम बहुल इलाकों में न्याय यात्रा निकालने से उन्हें अपने सबसे बड़े वोट बैंक के खिसकने का डर सता रहा है। तृणमूल सुप्रीमो पिछले कुछ समय से कह रही थीं कि 'आइएनडीआइए' पूरे देश के लिए है और बंगाल में तृणमूल अकेले भाजपा को हराने में सक्षम है। वह कांग्रेस के लिए बंगाल में दो सीटें छोड़ने को तैयार थीं, लेकिन जब राहुल गांधी की ओर से 10 सीटें मांगी गई तो उन्होंने दो-टूक कह दिया कि तृणमूल एक भी सीट नहीं छोड़ेगी। यही नहीं, जैसे ही असम से 'न्याय यात्रा' ने बंगाल में प्रवेश किया तो ममता के तेवर और तीखे हो गए।

बंगाल के जिन-जिन जिलों से न्याय यात्रा निकली, वहां राहुल गांधी से पहले या उसके बाद ममता ने वहां प्रशासनिक बैठक से लेकर पैदल यात्रा और सभाएं भी कीं एवं भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस-माकपा के विरुद्ध भी बयान दिया। असम से कूचबिहार होते हुए न्याय यात्रा बंगाल पहुंची थी। राहुल की न्याय यात्रा उन्हीं इलाकों से होकर गुजरी, जहां मुस्लिम आबादी सर्वाधिक है। राज्य में 32 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम जनसंख्या है। परंपरागत तौर पर राज्य में पहले मुस्लिम वोट बैंक माकपा-नीत वाममोर्चा के साथ था, परंतु 2006 से 2008 के बीच कई ऐसी घटनाएं हुईं, जिससे मुस्लिम नाराज होकर ममता के साथ चले गए और वाममोर्चा का 34 वर्षों के शासन का अंत हो गया। पिछले 10 वर्षों से हर चुनाव में मुस्लिम वोट तृणमूल के साथ रहा है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में तो मुस्लिमों का एकतरफा वोट तृणमूल के खाते में गया। इसी का परिणाम रहा कि फुरफुराशरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट से तालमेल करने के बावजूद माकपा और कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला।



शुक्रवार को धरना के दौरान ममता बनर्जी। फाइल

मुसलमानों के ममता की ओर झुकाव के कई कारण हैं। वर्ष 2011 में सत्ता में आने के बाद से उन्होंने मुस्लिमों को साथ रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। इमामों-मुअज्जिनों को भत्ता से लेकर वेलफेयर बोर्ड, मदरसों को अनुदान समेत कई कदम उठाए हैं। ममता पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगते रहे हैं। ममता ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मुद्दों पर भी मोर्चा खोल रखा है। हालांकि 2019 में मुस्लिम वोट का एक हिस्सा माकपा-कांग्रेस में बंट जाने से 2014 में 34 सीटें जीतने वाली तृणमूल 2019 के लोकसभा चुनाव में 22 पर आ गई थीं और भाजपा 18 सीटें जीत गई। वहीं पिछले वर्ष मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव में माकपा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार की जीत ने भी ममता के कान खड़े कर दिए थे। यह सीट उसी मुर्शिदाबाद जिले में है, जहां 75 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी है, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। इस नतीजे का यह संदेश निकला कि मुसलमान मौका पाने पर ममता का साथ छोड़ भी सकते हैं। पिछले वर्ष कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मुस्लिम वोट कांग्रेस को मिला और दोनों राज्यों में उसकी सरकार बन गई तो कांग्रेस नेतृत्व को लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट लौटने की उम्मीद जग गई है। शायद इन्हीं कारणों से आमंत्रण के बावजूद अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से कांग्रेस नेताओं ने दूरी बना ली। वहीं अन्य विपक्षी दलों की तरह तृणमूल भी दूर रही।

मुस्लिम वोट का ही डर संभवतः ममता को भी है, जिसकी वजह से वह कांग्रेस के साथ गठबंधन अपनी शर्तों पर चाह रही थीं। परंतु ऐसा नहीं हुआ तो एक ओर जहां भाजपा के साथ वह कांग्रेस पर भी हमलावर हैं, वहीं दूसरी ओर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले कार्यक्रम के दिन सर्वधर्म सद्भाव रैली निकालने के बाद मुस्लिम बहुल कोलकाता के पार्क सर्कस में उन्होंने सभा भी की, जहां ममता ने भाजपा का समर्थन करने वालों को काफिर कहने के साथ उन्हें नहीं बख्शने की बात तक कह दी। तृणमुल सुप्रीमो ने कहा, 'विरोधियों को वोट दिए तो अल्लाह की कसम, कोई आपको माफ नहीं करेगा। मैं भी माफ नहीं करूंगी। जो काफिर हैं, वो डरते हैं, जो लड़ते हैं, वो जीतते हैं।'

अभी बीते शुक्रवार को कोलकाता के धर्मतल्ला में केंद्रीय योजनाओं के बकाया फंड की मांग को लेकर धरना देने के दौरान ममता ने राहुल गांधी के मुस्लिम इलाकों में यात्रा को लेकर कहा, 'वे मुस्लिम वोटरों में बेचैनी पैदा करने के लिए राज्य में आए हैं। भाजपा हिंदू वोटरों में हड़बड़ी पैदा करने की कोशिश कर रही है। हमारे जैसी सेक्युलर पार्टियां क्या करेंगी? मुझे नहीं पता कि कांग्रेस 300 सीटों पर लड़ेगी तो 40 सीटें भी जीत पाएगी या नहीं?' तृणमूल सुप्रीमो ने 40 सीटों वाली बातें कहकर एक तरह से मुस्लिमों को संदेश दिया है कि देश में कांग्रेस नहीं जीत रही है और बंगाल में उन्हीं की पार्टी भाजपा को हरा सकती है।

एमएसएमई



ऋषभ मिश्र
असिस्टेंट प्रोफेसर, कानपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, कानपुर

# रोजगार सृजन में अहम भूमिका

**कृषि क्षेत्र के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के विकास में एमएसएमई क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लिहाजा इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट में 22,138 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ, सूक्ष्म, लघु और मध्यम पैमाने के उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में अधिक क्लस्टर और नए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना करने की घोषणा की है। वस्तुतः एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। औद्योगिक उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं देश से होने वाले निर्यात में इनका योगदान लगभग 40 प्रतिशत है। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। इसीलिए इस क्षेत्र का मजबूत होना आवश्यक हो जाता है। वैसे भी कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

वस्तुतः एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों की तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें आधारभूत सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है। जीएसटी लागू होने के आरंभिक दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम यदि स्वयं को उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है। लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते, जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि इनके उत्पाद की गुणवत्ता कम होती जाती है तथा आपूर्ति श्रृंखला दुष्प्रभावित होती है।

**उद्यमियों की समस्याएं :** उत्पादों के बिकने के बाद भुगतान देरी से प्राप्त होने के कारण वे आगामी आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते हैं। इससे उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है एवं बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। हालिया प्रस्तुत अंतरिम बजट में इस ओर भी प्रयास की दरकार थी। इसके साथ ही एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते हैं। लाकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई। ऐसे में इनके सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते, जिस कारण उनसे सामान खरीदने वाली कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

वैसे सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए कुछ सार्थक प्रयास भी किए गए हैं जिसमें 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय तथा उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें अपने उद्यम को आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



देश के औद्योगिक निर्यात में एमएसएमई की है सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका। फाइल

फेडरेशन आफ इंडियन माइक्रो एंड स्माल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआइएसएमई) के अनुसार, अंतरिम बजट एमएसएमई क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक दिशा देता है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और अच्छी एवं सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। बिजली की निर्बाध आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। साथ ही कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए, ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। लिहाजा उनकी सुविधा के अनुकूल वातावरण का निर्माण करना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

********

